ज्ञानामृत

भय से तब तक ही डरना चाहिये जब तक भय (पास) न आया हो। आये हुए भय को देखकर बिना शंका के उस पर प्रहार करना चाहिये।

▶▶ पंचतंत्र

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | शहडोल, मंगलवार, 20 मई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 145 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### इस्राइल ने हमास के खिलाफ शुरू किया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स, सीरिया से वापस आए इस्राइली जासूस के दस्तावेज

**तेल अवीव, एजेंसी।** हमास के खिलाफ इस्राइल का अभियान लगातार जारी है। अब इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के खिलाफ अपना नया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स शुरू किया है। आईडीएफ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशनी ने एक वीडियो संदेश में नए ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट कर्नल शोशनी ने बताया कि आईडीएफ ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा में ऑपरेशन को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर के नरसंहार के बाद हमारा मिशन स्पष्ट है। हमारे बंधकों को वापस घर लाना और हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करना। पिछले सप्ताह इस्राइली वायु सेना ने हमास के 670 से ज्यादा ठिकानों, सुरंगों, हथियार स्थलों, टैंक रोधी इकाइयों पर हमला किया।



### एनसीईआरटी की नकली किताबें बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़, 2.4 करोड़ की 1.7 लाख से अधिक किताबें जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की शाहदरा जिले की टीम ने एनसीईआरटी की नकली किताबें बेचने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में बाप-बेटे की जोड़ी को गिरफ्तार किया गया है और करीब 1.7 लाख से अधिक नकली किताबें जब्त की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 2.4 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अब इस मामले में दिल्ली पुलिस नकली किताबें छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के साथ ही थोक विक्रेताओं और शिक्षा संस्थानों तक की भूमिका की भी जांच कर रही है।



### निवाड़ी में दर्दनाक हादसा, नदी में डूबने से तीन नाबालिगों की मौत

**विजय मत, ब्यूरो निवाड़ी।** जिले के खदरी गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव की नदी में नहाने गए तीन नाबालिगों की डूबने से मौत हो गई। निवाड़ी जिले के जेरोन थाना प्रभारी ट्विंकल यादव ने बताया कि सोमवार दोपहर को पुलिस को जानकारी मिली कि तीन नाबालिग बच्चे नदी में डूब गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गांव वालों की मदद से तीनों बच्चों के शव बाहर निकाले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि एक बच्चा खदरी खिरक गांव का था और दो बच्चे अलग-अलग गांवों से थे। ये तीनों बच्चे गांव में पाल समाज के एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। सुबह जब वे नहाने के लिए पिपरी घाट नदी में पहुंचे तो एक बच्चे के डूबने पर बाकी दो उसे बचाने गए।



### पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम खुला है और इसकी कोई समाप्ति तिथि नहीं है: भारतीय सेना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कल समाप्त होने का दावा करने वाली रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। भारतीय सेना के अनुसार, 18 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की कोई वार्ता निर्धारित नहीं थी। 12 मई को डीजीएमओ के बीच बातचीत में तय किए गए संघर्ष विराम को जारी रखने की कोई समाप्ति तिथि नहीं है। बताना चाहेंगे भारत और पाकिस्तान के बीच पिछली सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की वार्ता 12 मई को हुई थी। वार्ता के दौरान, दोनों पक्षों द्वारा एक भी गोली नहीं चलाने या एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करने की प्रतिबद्धता को जारी रखने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।



सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की, कहा-

# भारत कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर विदेशी नागरिकों को रहने की जगह दें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। इस पर कोर्ट ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें।



### यह है मामला

याचिकाकर्ता को 2015 में दो अन्य लोगों के साथ एलटीटीआई कार्यकर्ता होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूएपीए के तहत ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया और 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने उसकी सजा घटाकर तीन साल कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सजा पूरी होने के बाद उसको देश छोड़ना होगा। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता 2009 में एलटीटीआई के पूर्व सदस्य के रूप में श्रीलंका में युद्ध लड़ चुका है और उसे वहां से निकाला गया है। अगर उसे वापस भेजा जाता है तो उसकी जान को खतरा होगा। उसने कहा कि उसकी पत्नी और बेटा कई बीमारियों से पीड़ित हैं।

### यूएपीए मामले में सात साल की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात साल की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया था। उसे अपने देश में जान का खतरा है। वह बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के तीन साल से हिरासत में है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गए हैं। इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उसकी स्वतंत्रता छीनी गई थी। लेकिन अनुच्छेद 19 के अनुसार भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने देश में जान का खतरा है तो न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि किसी अन्य देश चले जाएं।

शाह के बयान पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# एसआईटी करेगी मामले की जांच, गिरफ्तारी पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा, ÷आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक एसआईटी भी गठित की है। इसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को रखा गया है। इनमें एक महिला अधिकारी भी होंगी।



### टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है। हमने आपके वीडियो देखे। आप बहुत गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन शायद आपकी समझ काम आई या आपके दिमाग ने आपको रोका या फिर हो सकता है कि आपको उचित शब्द न मिले हों। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरे देश को हमारी सेना पर गर्व है और आपने यह बयान दिया।

#### आपको शर्म आनी चाहिए

पीठ ने मंत्री से पूछा, यह किस तरह की माफी थी? आपको बस अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए थी और माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन आप कहते हैं कि अगर आपने यह और वह कहा है... तो मैं माफी मांगता हूं।

# परमाणु ऊर्जा कानूनों में बदलाव पर विचार कर रही भारत सरकार

### संभव हो सकेगी निजी कंपनियों की भागीदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े कानूनों में बदलाव पर विचार कर रही है, ताकि इस क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी संभव हो सके। भारत ने 2047 तक 100 गीगावाट (जीवी) परमाणु ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि परमाणु ऊर्जा अधिनियम में बदलाव किए जा सकते हैं, जिससे निजी कंपनियां भी इसमें शामिल हो सकें। सूत्रों ने बताया, परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में भी बदलाव पर विचार किया जा रहा है, ताकि परमाणु संयंत्र के लिए उपकरणों की आपूर्ति करने वालों पर ज्यादा जिम्मेदारी न आए। सरकार नियामक ढांचे में भी बदलाव पर विचार कर रही है और यह देख रही है कि कैसे भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इनस्पेस) जैसे मॉडल को अपनाया जा सकता है। 2020 में निजी कंपनियों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र खोलने के बाद से इनस्पेस उसका प्रमोटर और रेगुलेटर रहा है।

# विदेश मंत्री के बयान पर जवाब दें मोदी: कांग्रेस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान को 'कूटनीतिक विफलता' बताते हुए कहा है कि ऐसा कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने दूसरी बार आतंकवादी हाफिज सईद को बचाया है इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए। श्री खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीतिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं। सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम् भूमिका हो जाती है जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा, श्री जयशंकर ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था। अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद

### आईटी शेयरों और कमजोर वैश्विक रुझानों का असर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



बीएसई सेंसेक्स में सोमवार को 271 अंक की गिरावट दर्ज की गई। यह लगातार दूसरा दिन रहा जब आईटी शेयरों में बिकवाली और मूडीज रेटिंग्स द्वारा अमेरिका की रेटिंग घटाए जाने के बाद वैश्विक बाजारों में कमजोरी का रुख देखने को मिला। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 271.17 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 366.02 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 81,964.57 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 74.35 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,945.45 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और अडानी पोर्ट्स पिछड़ गए। पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे।

भाजयुमो नेता कपिल गोयल गिरफ्तार

# 49 लाख की ठगी और फर्जी रजिस्ट्री का बड़ा खुलासा

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**



इंदौर के लसूड़िया पुलिस थाने ने भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व उपाध्यक्ष कपिल गोयल को फर्जीवाड़े के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मार्च 2025 में जमीन से जुड़े एक बड़े धोखाधड़ी के मामले में कपिल के खिलाफ केस दर्ज किया था। रविवार को पुलिस ने कपिल को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। इस मामले में कपिल की पत्नी दीपाली गोयल, अभिषेक राठौर उर्फ प्रबल पटौदी और शुभम मालवीय फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

# व्यापमं मामले में सुधीर शर्मा पर सभी एफआईआर और चार्जशीट खारिज



**विजय मत, ब्यूरो जबलपुर।** क्रिस्प के पूर्व चेयरमैन और प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सुधीर शर्मा को व्यापम से जुड़े मामलों में बड़ी राहत मिली है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर पीठ ने उनके खिलाफ दर्ज सभी चार एफआईआर और चार्जशीट को खारिज कर दिया है। यह ऐतिहासिक फैसला मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैथ और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने सुनाया। डॉ. सुधीर शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और विज्ञान भारती जैसी संस्थाओं में लंबे समय तक सक्रिय रहे हैं और वहां महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उनके खिलाफ व्यापम घोटाले के संदर्भ में विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिनमें उन्हें आरोपी बनाया गया था। हालांकि, अदालत ने अपने फैसले में यह स्पष्ट किया कि इन मामलों में उनके खिलाफ जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं, वे मुकदमे को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इस आधार पर अदालत ने सभी प्राथमिकी (एफआईआर) और आरोप पत्र (चार्जशीट) को खारिज कर दिया।

# एसबीआई ने सावधि जमा दरों में 20 आधार अंकों की कटौती

### 3 वर्ष से कम की अवधि के लिए जमा पर मिलेगा 6.5% ब्याज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 16 मई से सभी अवधियों की सावधि जमा दरों में 20 आधार अंकों की कटौती की है। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, 3 करोड़ रुपये से कम की खुदरा घरेलू सावधि जमा पर ब्याज दरों में कटौती आम जनता और वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए लागू है। 2 वर्ष से 3 वर्ष से कम की अवधि के लिए जमा पर निवेशकों को अधिकतम 6.7 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, इसके बाद 3 वर्ष से 5 वर्ष से कम की अवधि के लिए 16 मई से 6.55 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

# पत्ती तोड़ने गए तीन को हाथियों ने कुचला, इलाके में दहशत, मौके पर पहुंचे अफसर

**विजय मत, शहडोल**



वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सनौसी गांव के उमेश कोल अपनी पत्नी के साथ जंगल में पत्तियां तोड़ने गया था। उसी समय बांधवगढ़ की तरफ से दो जंगली हाथी वहां पहुंच गए। उमेश अचानक हाथियों के सामने आ गया। हाथियों ने उसे कुचलकर मार डाला। उमेश की पत्नी ने जान बचाने के लिए भागकर एक पेड़ पर चढ़ गई। उसने पेड़ से लोगों से मदद के लिए आवाज लगाई। गांव के लोग दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उमेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद हाथी संजय गांधी टाइगर रिजर्व की ओर निकल गए। डिंडौरी जिले के सनौसी जंगल के पास एक और दर्दनाक हादसा हुआ है। सनौसी से करीब एक किलोमीटर दूर डोडा जंगल में एक महिला की जंगली हाथियों ने कुचलकर हत्या कर दी।

### 25-25 लाख की सहायता

हाथियों के हमले में तीन लोगों की मौत पर सीएम मोहन यादव ने भी शोक संवेदना जाहिर की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि शहडोल जिले में तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर हाथियों के हमले में तीन ग्रामीणों की मृत्यु का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ है। हाथियों के हमले की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम को हादसे की जांच करने के भी निर्देश दिए हैं। प्रत्येक मृतक के वैध आश्रित परिजन को ?25-25 लाख की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

भरतीय थिंक टैंक का खुलासा

# चीन ने पाकिस्तान को दी थी सैटेलाइट मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इस मुद्दे पर अभी तक चीन, भारत या पाकिस्तान की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार सोमवार को चीन दौरे पर भी गए हैं। थिंक टैंक से जुड़े कुमार ने बताया कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण करने की कोशिश की।

ॐ शान्ति

## शोक संदेश



श्रीमती कृष्णा सिंह

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती कृष्णा सिंह, धर्मपत्नी डॉ. राजेन्द्र सिंह जी एवं श्री धर्मेंद्र सिंह, डॉ. मनीष सिंह की माताजी का देवलोकगमन सोमवार, दिनांक 12 मई 2025 को हो गया है। उनकी त्रयोदशी रस्म शनिवार, 24 मई 2025, दोपहर 12 बजे से निज निवास, बी.एस.एन.एल ऑफिस के पास, शहडोल में रखी गई है।

# गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में भीड़ का आलम, नहीं मिल रहे कंफर्म टिकट, स्लीपर व एसी कोच में लंबी वेटिंग

**यात्रियों को हो रही भारी परेशानी, ऑनलाइन बुकिंग में भी कंफर्म सीट पाना मुश्किल**

**विजय मत, शहडोल**

गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही देशभर के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। शहडोल से रवाना होने वाली प्रमुख ट्रेनों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। बच्चों की छुट्टियों के चलते बड़ी संख्या में परिवार पिकनिक और घूमने के लिए बाहर निकल रहे हैं, जिससे ट्रेन की बुकिंग पूरी तरह फुल हो गई है। इस कारण स्लीपर और एसी कोचों में लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है, जिससे यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



## छुट्टियों में यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा

रेलवे अधिकारियों के अनुसार मई माह से स्कूलों की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। इसके चलते प्रतिदिन शहडोल रेलवे स्टेशन से लगभग 100 से 150 यात्री विभिन्न शहरों की ओर रवाना हो रहे हैं। इनमें दिल्ली, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रायपुर, दुर्ग, बनारस व छपरा जैसे शहरों की ओर जाने वालों की संख्या अधिक है। लेकिन भीड़ का दबाव इतना अधिक है कि अधिकांश ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना लगभग नामुमकिन हो गया है।

## प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट की स्थिति चिंताजनक

रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्कल एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति, सारनाथ, गोंदिया बरौनी, हीराकुंड एवं नर्मदा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट लगातार बढ़ रही है। स्लीपर कोचों में औसतन 60 से 70 तक वेटिंग चल रही है, वहीं एसी-3 में 20-35 और एसी-2 में 12-26 तक वेटिंग लिस्ट देखी जा रही है। इससे यात्री अब आरक्षण कराने से भी पीछे हट रहे हैं।

## ऑनलाइन बुकिंग का रुझान बढ़ा

अधिकारियों का कहना है कि अब लगभग 80 प्रतिशत यात्री ई-टिकट या ऑनलाइन रिजर्वेशन सिस्टम का उपयोग कर रहे हैं। केवल 20 प्रतिशत यात्री ही स्टेशन पहुंचकर टिकट ले रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग में भी वेटिंग का आंकड़ा तेजी से भरता जा रहा है।

## प्रमुख ट्रेनों की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है:

उत्कल एक्सप्रेस- स्लीपर में 74, एसी-3 में 32 और एसी-2 में 22 वेटिंग।
छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति- स्लीपर में 46 एसी-3 में 32-36, एसी-2 में 17-20 वेटिंग।
दुर्ग-लालकुंआ समर स्पेशल- स्लीपर में 22, एसी में 22-26 वेटिंग।
अमरकंटक एक्सप्रेस (भोपाल के लिए)- स्लीपर में 48, एसी-3 में 22-24, एसी-2 में 14-16 वेटिंग।
नर्मदा एक्सप्रेस- स्लीपर में 45, एसी-3 में 30, एसी-2 में 32 वेटिंग।
बिलासपुर-भोपाल- स्लीपर में 22-25 वेटिंग।
गोंदिया-बरौनी- स्लीपर में 42, एसी-3 में 45, एसी-2 में 27-30 वेटिंग।

## यात्रियों की परेशानी बढ़ी, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

यात्रियों का कहना है कि गर्मी की छुट्टियों में यात्रा करने की योजना पहले से बनाई जाती है, लेकिन कंफर्म टिकट न मिल पाने के कारण उन्हें यात्रा स्थगित करनी पड़ रही है। कुछ लोग बस या निजी वाहन से सफर करने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे अतिरिक्त खर्च और परेशानी बढ़ रही है।

## रेलवे से अतिरिक्त ट्रेनों की मांग

यात्रियों और जनप्रतिनिधियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि गर्मी की छुट्टियों के मद्देनज़र समर स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए और अतिरिक्त कोच लगाए जाएं ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

# शहर की अव्यवस्थित व्यावसायिक विस्तार पर संकटः सुरक्षा और व्यवस्था पर उठते सवाल

**शहडोल को चाहिए नियोजित विकास, नहीं तो हो सकता है बड़ा हादसा**

**विजय मत, शहडोल**

नगर में बिना अनुमति बढ़ते व्यावसायिक निर्माण ने अब नगर की सुरक्षा, यातायात और राजस्व व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। आवासीय भवनों की अनुमति लेकर उसमें व्यावसायिक कांप्लेक्स और दुकानों का संचालन करना अब आम होता जा रहा है। स्थिति यह है कि इन प्रतिष्ठानों का रिकॉर्ड नगरपालिका (नपा) के पास नहीं है और न ही इनके विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई हो रही है। इससे न केवल नगर पालिका को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती जा रही है।

शहडोल जिला सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से तेजी से विकसित हो रहा है। जिले में 16 अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता दर्शाते हैं, जबकि 29 होटल और 10 मैरिज गार्डन पर्यटन व सामाजिक आयोजनों को बढ़ावा देते हैं। आधुनिक सुविधाओं में 1 मॉल भी शामिल है। शिक्षा क्षेत्र में 3 आईटीआई, 1 इंजीनियरिंग कॉलेज, 1 मेडिकल कॉलेज और 2 विश्वविद्यालय/महाविद्यालय युवाओं को तकनीकी व उच्च शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इन प्रतिष्ठानों की उपस्थिति शहडोल को एक विकसित और संभावनाओं से भरपूर जिले के रूप में पहचान दिलाती है

नगरपालिका से मिली जानकारी के अनुसार कई लोगों ने आवासीय भवन बनाने की अनुमति प्राप्त की,




लेकिन उन्होंने नियमों का उल्लंघन करते हुए इन भवनों में व्यावसायिक कांप्लेक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों, प्लास्टिक सामग्री के गोदामों आदि का निर्माण कर लिया। कई स्थानों पर तो बहूमंजिला और अंडरग्राउंड व्यवसायिक भवन भी बनाए गए हैं, जिनका नपा के पास कोई पंजीयन नहीं है। ऐसे निर्माणों से जहां एक ओर कानून की अवहेलना हो रही है, वहीं दूसरी ओर शहर की रूपरेखा भी अव्यवस्थित होती जा रही है।

शहर की तंग गलियों में संचालित इन दुकानों और गोदामों में सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए गए हैं। न अग्निशमन यंत्र हैं, न ही आपातकालीन निकास की व्यवस्था। यदि किसी भी दुकान या गोदाम में आगजनी जैसी घटना घटती है तो आसपास के घरों और लोगों को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे क्षेत्रों में आगजनी की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ी तक नहीं पहुंच पाएगी, जिससे जनहानि की आशंका और बढ़ जाती है।

गांधी चौराहा, बुढार चौराहा, सब्जी मंडी, बस स्टैंड रोड और रेलवे स्टेशन रोड जैसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में संचालित कांप्लेक्सों में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है। दुकानदारों और ग्राहकों के वाहन सड़कों पर ही खड़े किए जाते हैं, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके साथ ही सड़क पर पशुओं की उपस्थिति और लगातार वाहनों का शोरगुल स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है।

शहर का विस्तार तेजी से चारों दिशाओं में हो रहा है। ऐसे में नपा नई डिमांड बनाकर टैक्स वसूली की प्रक्रिया तेज कर रही है, लेकिन जिन प्रमुख इलाकों में बिना अनुमति के व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं, वहां कोई निगरानी नहीं की जा रही। इससे स्पष्ट है कि नपा की प्राथमिकता केवल कर संग्रह तक सीमित होकर रह गई है, जबकि नियमन और निगरानी की प्रक्रिया लगभग शून्य हो चुकी है।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि व्यवसाय और रोजगार की दृष्टि से कांप्लेक्स बनाना गलत नहीं है, लेकिन यह सब नियमों और सुरक्षा मानकों के तहत होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्था अनिवार्य की जाए। साथ ही ऐसे

# जिले में 1010855 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

**विजय मत, रीवा**

खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 12 लाख 48 हजार 209 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इन सभी सदस्यों का ई केवाईसी दर्ज कराने तथा मृतक एवं स्थाई रूप से पलायन कर गए व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 15 मई को बढ़ाकर 31 मई कर दिया गया है। ई केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है।

इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अब तक जिले में 10 लाख 10 हजार 855 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 81 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 130537, जवा में 123328, रायपुर कर्चुलियान में 162384, रीवा में 162556, सिरमौर में 174695, त्योंथर में 119071 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 66336, नगर परिषद डभौरा में 13325, बैकुण्ठपुर में 6016, चाकघाट में 5839, गोविंदगढ़ में 7092, गुढ़ में 8792, मनगवां में 7159, सेमरिया में 8647, हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर निकली न्याय यात्रा

शहडोल। समाज में प्रशासन और कानून व्यवस्था पर लोगों का विश्वास जागृत करने वाला एवं सदैव दूसरों के लिए न्याय की लड़ाई करने वाला लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहलाने वाला पत्रकार होता है। जो कि आज खुद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहलाए जाने वाले समस्त पत्रकारों को आज स्वयं ही अपनी सुरक्षा एवं न्याय के लिए पत्रकार न्याय यात्रा निकाली जा रही है। जो की बालाघाट से प्रारंभ होते हुए सिवनी , मंडला , डिंडोरी , अनूपपुर होते हुए आज यात्रा अपने पांचवें पड़ाव आदिवासी अंचल शहडोल में पहुंची। जहां नगर के होटल ओशिस में पत्रकार न्याय यात्रा की अगवाई कर रहे में बालाघाट से आए पत्रकार बंधुओ का आगमन हुआ जिसमें मुख्य रूप से हिमांशु जैन , मिलिंद ठाकरे , सुरेंद्र श्रीवास , रोहित नायडू, विजय मिश्रा और आशीष ठाकरे सम्मिलित हैं।

### अपात्र सदस्यों का पोर्टल से विलोपन की कार्यवाही करें - कलेक्टर

रीवा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को हर माह निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न दिया जा रहा है। शासन द्वारा एक जून से स्मार्ट खाद्यान्न वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिए प्रत्येक राशन कार्ड में दर्ज हितग्राही का ई केवाईसी होना अनिवार्य है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा है कि इस माह का खाद्यान्न लेने के लिए उचित मूल्य दुकान जाने पर सभी सदस्यों का ई केवाईसी करा लें। ई केवाईसी न कराने पर यह माना जाएगा कि राशन कार्ड में दर्ज सदस्य वर्तमान में दर्ज पते पर नहीं रह रहा है। इसे स्थाई पलायन मानते हुए उसका नाम राशन कार्ड से पृथक किया जाएगा। ई केवाईसी न कराने पर 31 मई के बाद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए ई केवाईसी तत्काल करा लें। इसके लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन से संपर्क करके पीओएस मशीन के माध्यम से पूरी जानकारी एम राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज करें। कलेक्टर ने एसडीएम जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को ई केवाईसी से शेष अपात्र सदस्यों का पोर्टल से नाम 31 मई तक विलोपित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जो व्यक्ति उचित मूल्य दुकान में आकर पूरी जानकारी प्रस्तुत कर दे उसका ई केवाईसी तत्काल कर दें। खाद्यान्न वितरण के बाद उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन अन्य कर्मचारियों के साथ शिविर लगाकर शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी कराएं। उचित मूल्य दुकानवार सूची उपलब्ध करा दी गई है।

### कमिश्नर वीडियो कान्फ्रेंसिंग से 21 मई को करेंगे समीक्षा

रीवा। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद 21 मई को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से शाम 4 बजे आरंभ होगी। बैठक में गेंहू उपार्जन, खाद्य सुरक्षा योजना तथा संबल पोर्टल की ई केवाईसी अपडेशन, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, ई ऑफिस व्यवस्था, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा संवाद से समाधान अभियान की समीक्षा की जाएगी। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण की भी समीक्षा की जाएगी।

### श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 31 मई तक

रीवा। श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डीएसडी डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। इस संबंध में श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट के लिये दो वर्षीय पाठ्यक्रम तथा फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन आयओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किये जा सकते हैं। वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है जबकि शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाहय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।




# कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं पर हाईकोर्ट सख्त

**एक सप्ताह में विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात करने का आदेश**

**विजय मत, अनूपपुर**

कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर जबलपुर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। देवशरण सिंह एवं एक अन्य याचिकाकर्ता द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने मध्यप्रदेश शासन को कड़े निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने पाया कि स्वास्थ्य केंद्र में कुल 15 स्वीकृत डॉक्टरों में से केवल 8 कार्यरत हैं और विशेषज्ञ डॉक्टरों – जैसे शल्य चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट – के सभी पद पूरी तरह से खाली हैं। कोर्ट ने सरकार को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह के भीतर कम से कम एक विशेषज्ञ चिकित्सक, एक शल्य चिकित्सक और एक महिला डॉक्टर की नियुक्ति की जाए। साथ ही बाकी रिक्तियों को भी चार सप्ताह के भीतर भरा जाए।

**उपकरणों और संसाधनों की व्यवस्था भी अनिवार्य-** कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल डॉक्टरों की नियुक्ति ही पर्याप्त नहीं है। विशेषज्ञ सेवाओं के लिए आवश्यक मेडिकल उपकरणों और संसाधनों की अगले 15 दिनों के भीतर व्यवस्था की जानी चाहिए, अन्यथा याचिकाकर्ता याचिका को पुनर्जीवित कर सकते हैं।

**पूर्व में आमरण अनशन कर चुके हैं देवशरण-** उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता देवशरण सिंह एवं एक अन्य ने पूर्व में कोतमा स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं के खिलाफ आमरण अनशन भी किया था। उस समय प्रशासन ने आंदोलन समाप्त करवाया, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार नहीं किया गया। इसी के विरोध में अंततः अनशनकारियों ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिससे यह जनहित याचिका दायर की गई।

**क्या कहा कोर्ट ने-** कोर्ट ने कहा कि आदिवासी बहुल और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी न केवल संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह जीवन के मूलभूत अधिकार पर भी आघात है। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं हर नागरिक को सुलभ हों। यह आदेश रिट याचिका क्रमांक 16295/2025 में पारित किया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अभिषेक पांडे ने पक्ष रखा, जबकि शासन की ओर से रितिक पाराशर उपस्थित हुए। इस आदेश से कोतमा और आसपास के हजारों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कोर्ट के इस कदम का स्वागत किया है।

**फर्जी चिकित्सा**

**सड़क किनारे तंबू लगाकर 'हर मर्ज का इलाज', स्वास्थ्य व्यवस्था खतरे में**

# पचगांव रोड पर अवैध चिकित्सा का लगातार बढ़ता खेल

**विजय मत, शहडोल**

शहडोल जिले के पचगांव रोड पर सड़क किनारे तंबू लगाकर कई फर्जी चिकित्सक हर मर्ज का इलाज करने का दावा कर रहे हैं। ये कथित वैद्य न तो मान्यता प्राप्त चिकित्सा डिग्री रखते हैं और न ही किसी सरकारी मानक का पालन करते हैं, फिर भी वे मरीजों को मनमानी दवाइयां देकर गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर रहे हैं। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी इनका कारोबार तेजी से फैल रहा है।



## कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित

शहडोल जिले के स्वास्थ्य विभाग ने पिछले साल दावा किया था कि वह फर्जी चिकित्सकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगा। विभाग ने जांच के लिए टीम भी बनाई थी, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी अब तक न तो किसी तहसील या कस्बे में व्यापक जांच हुई है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच जल्द शुरू की जाएगी, पर फिलहाल ये केवल वादाखिलाफी ही साबित हो रही है।

## फर्जी चिकित्सक बढ़ा रहे स्वास्थ्य संकट

इन अवैध चिकित्सकों द्वारा दी जा रही दवाएं न केवल अवैध हैं, बल्कि कई बार खतरनाक भी साबित हो रही हैं। मरीजों को सही इलाज न मिलने से उनकी हालत बिगड़ रही है, कई मामले जानलेवा भी साबित हुए हैं। गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग, जहां सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं सीमित हैं, वे इन फर्जी चिकित्सकों पर भरोसा कर बैठे हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गया है।

## जनता में बढ़ती बेचैनी और स्वास्थ्य विभाग पर सवाल

स्थानीय लोग स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता से नाराज हैं। उनका कहना है कि विभाग को सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं करनी चाहिए बल्कि फर्जी चिकित्सकों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई करनी होगी। जनता की मांग है कि उनकी जान जोखिम में डालने वाले इन अवैध इलाज करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएं।

## स्वास्थ्य विभाग की भूमिका

स्वास्थ्य विभाग के लिए यह चुनौती है कि वह फर्जी चिकित्सकों की पहचान के लिए प्रभावी और नियमित जांच कराए। विभाग को न केवल जांच टीम को सक्रिय करना होगा बल्कि जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को भी सचेत करना होगा ताकि वे सही और सुरक्षित चिकित्सा सेवा का चयन करें।

## स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए उठाया जाए ठोस कदम

शहडोल जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फर्जी चिकित्सकों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि वह न केवल जांच में तेजी लाए, बल्कि इन अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सतत निगरानी भी बनाए रखे। साथ ही, स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता बढ़ाकर जनता को सुरक्षित इलाज के प्रति जागरूक किया जाए।

# समग्र आईडी सत्यापन 90 प्रतिशत होने पर ही वेतन होगा मंजूर

रीवा। प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। समग्र आईडी अपडेशन का कार्य 25 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। शासन के निर्देशों के अनुसार आईएफएमआईएस पोर्टल समग्र आईडी सत्यापन कुल कर्मचारियों का 90 प्रतिशत होने पर ही कोषालय वेतन मंजूर होगा। अभी जिले के 117 आहरण संवितरण अधिकारियों का समग्र आईडी सत्यापन 90 प्रतिशत से कम है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा गया कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रमोदय आदर्श आई0टी0आई0 भोपाल में संचालित 8 ट्रेडो में प्रवेश की प्रकिया प्रारंभ

उमरिया। सहायक श्रमाधिकारी ने बताया कि श्रमोदय आदर्श आई0टी0आई0 भोपाल में संचालित 8 ट्रेडो में प्रवेश की प्रकिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिये आवेदक ॄ.केक.उच.हवअ.पद पर पंजीयन 31 मई 2025 तक किया जा सकता है । उन्होने बताया कि संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मकाट्रानिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सी0एन0सी0 मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आई ओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिये प्रवेश योग्यता आठवी उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दसवी कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजी.त श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय मे निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

### प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजीकृत हितग्राही 31 मई तक ईकेवायसी कराएं

उमरिया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत रसोई ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चत कराने हेतु भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत निशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं । विगत कुछ वर्षो में ऐसा देखने में आया है कि कुछ हितग्राहियों द्वारा गैस कनेक्शन लाभ प्राप्त करने के उपरांत एक भी एलपीजी रिफिल गैस का उठाव नहीं किया गया है जिससे उपरोक्त योजना के उद्देश्य का लाभ उन तक नहीं पहुंच पा रहा है । जिला आपूर्ति अधिकारी बीएस परिहार ने बताया कि जिले में ई केवायसी हेतु कुल सदस्य 530239 में से 459776 की ई केवायसी की जा चुकी है तथा यह स्वी.त किया गया कि शेष सदस्यों की ई केवायसी शासन स्तर से 31 मई तक की वृध्दि की गई है। उमरिया जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के सभी हितग्राहियों को ढूंढ कर उनकी ई केवायसी करवा कर उनको योजना के लाभ सतत रूप से पहुंचाने हेतु सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों के एलपीजी वितरकों द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजी.त हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ईकेवायसी कराया जाना है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजी.त हितग्राहियों से अपील है कि संबंधित गैस एजेन्सी मे संपर्क कर अपना ई केवायसी कराकर शासन की महत्वाकाँछी योजना के लाभार्थियों को योजना का लाभ मिलता रहे ।

### जिले में 4213 किसानों से 18053.8 क्विंटल गेहूं की खरीदी की गई

उमरिया । जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया कि जिले में 35 गेहूं खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 4213 किसानों से 18053.8 क्विटल गेहूं की खरीदी की गई है। जिले में पंजी.त किसानों की कुल संख्या 12093 है । स्लॉट बुकिंग की संख्या 4847 है । जिले में 2052 किसानों को 27.26 करोड़ रूपये भुगतान किए जा चुके है।

### नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

सीधी। कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभदायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है। इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं।

---

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न, गठित टीम 2 से 3 ग्राम पंचायतों में अभियान का संचालन करेगी

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा

**विजय मत, उमरिया**



कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से प्रारंभ होगा, जो 12 जून तक चलेगा । कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तर पर अभियान हेतु टीम का चयन, स्थान का चयन, दिनांकवार मार्ग का चयन कहां से कहां तक किया जाना है, कर लिया जाए । जिले में अभियान के प्रभावी संचालन हेतु वैज्ञानिकों एवं कृषि तथा सम्बध्द अधिकारियों के साथ कम से कम तीन टीम का गठन किया जाए । गठित टीम 2 से 3 ग्राम पंचायतों में अभियान का संचालन करेगी । अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक , जन प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आंमत्रित किया जाए ।

उन्होने कहा कि अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अभियान अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों के साथ कृषि , कृषि -अभियांत्रिकी, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग आदि के मैदानी अधिकारियों की अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। जिले के प्रगतिशील/उन्नतशील नवाचारी .षकों को उक्त अभियान में शामिल करे। क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बंधित आधुनिक/उन्नत तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करें। किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को जागरूक करें। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एस.एच.सी.) में सुझायी गयी विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित करें। किसानों से फीडबैक लें जिससे की उनके द्वारा किए गए नवाचार के बारे में वैज्ञानिक सीख सकें एवं एवं उसके अनुसार अनुसंधान की दिशा का निर्धारण करें। उन्नत तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच जागरूकता फैलाएं।

बैठक में उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के संबंध में जानकारी दी । इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

---

# सेना का अपमान कर रही भाजपा

### कांग्रेस के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मे पहुंची संगठन प्रभारी अनुभा मुंजारे

**विजय मत, उमरिया**




पहलगाम हमले के बाद देश की सेना ने अपने पराक्रम से आतंकवादियों तथा उनके आका पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया है, जिसे वे लंबे समय तक याद रखेंगे। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले 1971 मे भारतीय फौज ने पाक के दो टुकड़े कर दिये थे, परंतु तब की सरकारों ने कभी सेना के काम मे हस्ताक्षेप नहीं किया नां ही जीत का श्रेय ही लिया। आज भाजपा इस सफलता का तमगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की कोशिश मे जुटी हुई है। दुख की बात यह है कि भाजपा के नेता और मंत्री सैनिकों खुलेआम अपमान कर रहे हैं। उक्त आशय के उद्गार बालाघाट विधायक एवं कांग्रेस की संगठन प्रभारी श्रीमती अनुभा मुंजारे ने स्थानीय सामुदायिक भवन मे पार्टी के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होने कहा कि कार्यकर्ता संगठनात्मक गतिविधियों मे सक्रियता के साथ हिस्सा लेते हुए कांग्रेस की उपलब्धियों और भाजपा के कुशासन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

#### सडक़ पर संघर्ष कर रहा कार्यकर्ता

अपने उद्बोधन मे पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस जिले से लेकर बूथ तक जनता की समस्याओं के लिये संघर्षरत है। पार्टी के ईमानदार कार्यकर्ता तकलीफ और शोषण सह कर अपने संगठन के निर्देश पर लगातार केन्द्र और राज्य सरकार की खामियों को उजागर कर रहे हैं। इसके लिये वे सम्मान के पात्र हैं। कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष रामगोपाल दहिया, पुष्पराज सिंह, संजीव खंडेलवाल, अंजू सिंह, मिथिलेश राय, सुजान अग्रवाल, अशोक मिश्रा, मनोज सिंह, तिलकराज सिंह, अशोक गौंटिया, रामायणवती कोल, विक्रम प्रताप सिंह आदि ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन शिशुपाल यादव ने किया। इस अवसर पर ठाकुरदास सचदेव, त्रिभुवन प्रताप सिंह, अमृतलाल यादव, ब्लाक अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मोहन साहू, मुकेश मिश्रा, श्रीमती सावित्री सिंह, शकुंतला धुर्वे, मयंक प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, विजय सिंह, मकसूद खान, छत्रपाल सिंह, बिंदे सिंह, वंशरूप शर्मा, मंगल सिंह, शिव कुमार सिंह, पीएन राव, दिशांक प्रताप सिंह, ओमप्रकाश सोनी, गौरीशंकर प्रजापति, राजीव सिंह बघेल, मो. आजाद, निरंजन सिंह, संजय पांडे, नासिर अंसारी, अवधेश राय, मुकेश सिंह, रामनारायण पांडे, राजेश सिंह, अशोक द्विवेदी, करण सिंह, भोला यादव, शिव शर्मा, एनएल पटेल, राजभान सिंह, मंगल सिंह, देवदास बर्मन, गुलाब सिंह, सत्यदेव शर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, रमेश प्रसाद कुशवाहा, राजेंद्र सिंह, शिव प्रसाद कुशवाहा, रघुनंदन विश्वकर्मा, शंकर सिंह भदोरिया, किशोर सिंह, राजाराम बैगा, विजय बैगा, गोविंद सिंह, उत्तर लोधी, रेखा सिंह, रोशनी साह, रोशनी सिंह, मनोहर सिंह मरावी, हेमंत बैगा, राधेश्याम कुशवाहा, राम रतन प्रजापति, ज्ञान प्रकाश पटेल, प्रदीप तिवारी, बिंदेश्वरी प्रसाद, संतोष कुमार शुक्ला, सानू सिंह, प्रदीप बैगा, संतोष सिंह ददरौडी, अयाज खान, .ष्णा देवी सिंह, सोमचंद वर्मा सरिता सोनी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित थे।

---



### मध्यस्थता कर निकाला जाए समाधान , अन्यथा होगा अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन

**विजय मत, उमरिया**

नौरोजाबाद नगर के बाज़ारपुरा क्षेत्र के व्यापारीगणों ने कलेक्टर उमरिया को ज्ञापन सौंपकर बताया कि विगत 50 से 70 वर्षों से अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पीछे ही निवास करते हुए, जीवन-यापन कर रहे हैं। इन व्यापारियों ने अपने सामने दुकानें एवं पीछे आवास बनाकर दशकों से क्षेत्र की आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होने कहा कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अपने रेल रैक संचालन का हवाला देकर इन व्यापारियों को उक्त स्थल से हटाने का नोटिस जारी किया गया है। इससे न केवल वे व्यापारविहीन होंगे, अपितु उनके परिवार भी आश्रयहीन हो जाएंगे। यह निर्णय पूर्णतः अमानवीय एवं अन्यायपूर्ण प्रतीत होता है। उन्होने बताया कि एसईसीएल का रेल रैक संचालन बहुत ही सीमित है-प्रति माह औसतन केवल 20 से 22 रैंक ही प्रेषित किए जाते हैं। इसका मतलब प्रतिदिन एक रैक भी नहीं जा रहा है. ऐसे में रेल परिचालन में बाधा का तर्क उचित नहीं ठहरता। बाज़ारपुरा में सिविल लाइन से चाँद प्रेस तक लगभग 200 से 300 मीटर के संकीर्ण क्षेत्र में, जहाँ रेल लाइन से 2 मीटर की दूरी पर सुरक्षा की .ष्टि से एक सु.ढ़ दीवार तथा समुचित जल निकासी व्यवस्था का निर्माण कराया जाए। इस समाधान से न तो एसईसीएल के कार्य में बाधा उत्पन्न होगी और न ही सैकड़ों व्यापारियों एवं उनके परिवारों के जीवन पर संकट आएगा।

---

### तीन एसडीएम के तबादले से प्रशासन में हलचल, प्रिया पाठक को सिहावल की कमान

#### कलेक्टर ने जारी किये तबादला आदेश

**विजय मत, सीधी**



सीधी जिले में प्रशासन में बड़ा बदलाव हुआ है। कलेक्टर स्वरोचिस सोमवंशी ने सोमवार को तीन एसडीएम अधिकारियों के तबादले का आदेश दिया है। इस फैसले से जिले के प्रशासन में नई हलचल मच गई है।

सीधी जिले में बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ है। कलेक्टर स्वरोचिस सोमवंशी ने सोमवार को तीन एसडीएम अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस निर्णय ने जिले के प्रशासनिक ढांचे में नई हलचल पैदा कर दी है।

जारी आदेश के मुताबिक, कुसमी की तेज और मेहनती एसडीएम प्रिया पाठक को अब सिहावल एसडीएम बनाया गया है। उनका यह तबादला प्रशासन के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, जो अभी तक सिहावल एसडीएम थे, डिप्टी कलेक्टर शिवप्रकाश मिश्रा को कलेक्टर ऑफिस में काम करने को कहा गया है। इससे साफ पता चलता है कि प्रशासन को और मजबूत बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

इसके अलावा, डिप्टी कलेक्टर रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी को अब मझौली एसडीएम के साथ-साथ कुसमी एसडीएम का भी काम दिया गया है। मतलब अब उन्हें दो जगहों की जिम्मेदारी संभालनी होगी, जिससे उनकी काम करने की क्षमता को परखा जाएगा।

---

# पेड़ गिरने से घर हुआ क्षतिग्रस्त, बाल- बाल बचे घर के लोग

### रामगढ़ में तेज हवाओं की जद पर आए कई घर, उड़े परखच्चे

**विजय मत, सीधी**



जिला मुख्यालय के समीपस्थ आदर्श ग्राम पंचायत रामगढ़ नम्बर 2 में तेज हवाओं की जद में आने से कई घरों को नुकसान पहुंचा है। रामकृष्ण तिवारी के खेत में लगे मुनगे का पेड़ गिरने से ददोल कोटवार घर क्षतिग्रस्त हो गया है। श्री कोटवार ने बताया कि तेज हवा चलने और बारिश होने कारण पूरा परिवार घर के अंदर था उसी वक्त पेड़ गिरा और घर क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ गिरने से पूरा परिवार अचेत हो गया यह सोचकर कि किसी भी घर के व्यक्ति की इस दुर्घटना से जान जा सकती थी। रामगढ़ निवासी प्रवीण शुक्ल के घर पास बने शेड तेज हवाओं से उड़ गए जिससे नीचे खड़े चार पहिया वाहन को नुकसान पहुंचा है, हालांकि इन घटनाओं के बीच किसी प्रकार की गांव में जन दुर्घटना नहीं हुई है।

#### इनका कहना है -

तेज हवा और बारिश से पूरा परिवार घर के अंदर था, छोटे - छोटे बच्चे थे, अचानक पेड़ गिरा और घर का नुकसान हो गया। पूरा परिवार यह सोच कर चिंता में है कि किसी भी प्रकार की अनहोनी हो सकती है। प्रशासन से आग्रह है क्षतिग्रस्त घर होने कारण आर्थिक मदद करें जिससे मेरा परिवार को एक बार फिर छाया मिल सके।

**- ददोल कोटवार**
**(पीड़ित - रामगढ़ नम्बर 2)**

तेज हवा से बने शेड का नुकसान हुआ है और शेड के नीचे खड़े वाहन का भी, हालांकि जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

**- प्रवीण शुक्ल**
**(रामगढ़ नम्बर-2)**

तेज हवाओं से रामगढ़ नम्बर 2 में निवासरत नागरिकों के नुकसान की जानकारी राजस्व विभाग को दिया गया है, प्रशासन से सहयोग की अपील करता हूं कि मौका मुआयना करके हुई क्षतिपूर्ति की पूर्ति हेतु उचित कार्यवाही करते हुए मुआवजा देकर सहयोग प्रदान करे।

---

**बैठक** बेसहारा बच्चों का सर्वेक्षण एवं पहचान कार्य 26 जून तक किए जाने के साथ ही आधार बनवाए

# एडीआर सेंटर सीधी में साथी समिति की बैठक में हुआ विमर्श

**विजय मत, सीधी**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) द्वारा चलाए जा रहे साथी, आधार के लिए सर्वेक्षण, ट्रैकिंग और समग्र समावेश तक पहुंच अभियान के अनुक्रम में म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर (सालसा) के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार शिवहरे की अध्यक्षता में गठित समिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, सिविल सर्जन एसबी खरे द्वारा प्राधिकृत डॉ आशीष भारती, जिला शिक्षा अधिकारी पीके सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं महिला बाल विकास अधिकारी सीधी प्रवेश मिश्रा, जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर मनीष कुमार सिंह, अनुराग पाण्डेय श्रीमती निशा मिश्रा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, धर्मेन्द्र शुक्ला सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, शान्त शिरोमणि पयासी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सीधी, सचीन्द्र मिश्रा सदस्य बाल कल्याण समिति सीधी, श्रीमती रंजना मिश्रा सदस्य बाल कल्याण समिति सीधी, पैनल अधिवक्ता रामशरण दुबे, अखिलेश द्विवेदी, राघवेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पन्नालाल सोनी तथा पैरालीगल वालेंटियर्स में रानू मिश्रा, पियूष मिश्रा कु. दीपिका सिंह शामिल थे। प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने मौजूद अधिकारियों को साथी अभियान के संबंध में आधार कार्ड से वंचित बेसहारा बच्चों का सर्वेक्षण एवं पहचान कार्य 26 मई से 26 जून तक किए जाने के साथ ही आधार बनवाए जाने का कार्य 27 जून से 5 अगस्त तक किए जाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान कर समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयास कर साथी अभियान का सफल बनाए जाने की अपील की गई है।

---

### समर कैंप में मॉडल के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान का दिया संदेश



**विजय मत, सीधी**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय ओहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद पाली अधिकारी भूपेंद्र सिंह व पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी के सहयोग से कैम्प संयोजक हिमांशु तिवारी के नेतृत्व में युवा टीम उमरिया के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में विद्यार्थी उत्सुकता के साथ सहभागिता निभा रहे हैं तथा चित्रकला, नृत्य ,गायन, वॉलीबॉल, फुटबॉल ,कबड्डी, क्रिकेट, सेल्फडिफेंस व शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

प्रातः कैम्प में राष्ट्रगायन के साथ आरंभ किया जाता है। इसके पश्चात दौड़ प्रतियोगिता व्यायाम एवं अन्य अभ्यास कराए गए। इसी प्रकार चित्रकला, फुटबॉल व क्रिकेट का भी प्रशिक्षण किया गया।पाली पुलिस थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने प्रदर्शन में प्रतिभागियों की ओर लगाए मॉडल देखते। साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को सराहा।जिसमें छात्र जल संरक्षण के महत्व को मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित कर रहे हैं। ये मॉडल न केवल जल संरक्षण के तरीके दिखाते हैं बल्कि जल संकट के प्रति जागरूकता भी पैदा करते है।

**संस्थापक**
**श्री रामसिपाही शुक्ल**

## हिंदी से वैज्ञानिकों का लगाव जरूरी

आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। हमारे जीवन की छोटी-बड़ी हर घटना का संबंध विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ा हुआ है। आज हम चाहकर भी मोबाइल, इंटरनेट, टीवी, स्कूटर, कार, बस और ट्रेन से अपने को दूर नहीं रख सकते। अब आप बताइए ये सभी साधन विज्ञान और प्रौद्योगिकी की देन हैं या नहीं? आपका जवाब हां में होगा! सभ्यता के आरंभिक चरण, कृषि और औद्योगिक क्रांति के बाद वर्तमान में हम प्रौद्योगिकी तथा सूचना क्रांति के युग में जी रहे हैं। लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संबंध में जानकारी देना आज एक अहम आवश्यकता बन गई है। भारतीय सम्विधान के अंतर्गत भी इसे एक मूलभूत कर्तव्य का दर्जा प्राप्त है। विज्ञान साहित्य और इसके लेखन को लोकप्रिय विज्ञान या लोकविज्ञान साहित्य कहते हैं। इसका महत्व किसी भी भाषा के साहित्य से कम नहीं होता। क्योंकि एक विज्ञान लेखक के पास साहित्य और लेखन कौशल के साथ विज्ञान की प्रमाणिक जानकारी भी होती है। वास्तव में विज्ञान लेखन साहित्य का अभिन्न हिस्सा है और इस विज्ञान साहित्य का सृजन वैज्ञानिक जानकारी और साहित्यिक तत्वों के संयोग या सम्मिलन से होता है। विज्ञान रिपोर्ट, विज्ञान लेख, विज्ञान समाचार, विज्ञान कथा, विज्ञान नाटक, विज्ञान रूपक, विज्ञान उपन्यास विज्ञान लेखन की विभिन्न धाराएं होती हैं।हिंदी विज्ञान में एक नई क्रांति मुंबई के वैज्ञानिकों ने 1968 में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद की नींव रखी और 2साल बाद वैज्ञानिक पत्रिका का सतत प्रकाशन हुआ जो आज भी ऑनलाइन माध्यम से चल रही है अतः राष्ट्रीय अस्तर पर हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद ही एक मात्र ऐसी संस्था बची है जो इन उद्देश्यों क़ो पूर्ण कर सकती है नई कार्यकारिणी का गठन हेतु 18 मई 25 को अनुशक्तिनगर में विशेष आम सभा बुलाई गई है।

**नोट**
सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# अमेरिका के दबदबे वाला अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष पाक पर मेहरबान क्यों?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर भारत सहित पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पाक़ तनातनी या युद्ध विराम,फ़िर सीमा पर जारी गोलीबारी, तथा नेताओं की बयानबाजी पर लगी हुई है। इधर भारतीय रक्षामंत्री ने 15 मई को कश्मीर सैनिकों के साथ फिर 16 मई 2025 को गुजरात भुज में एयर फोर्स स्टेशन पर इन दोनों दौरों में आईएमएफ द्वारा पाक के लिए ऋण सेंशन करने की टाइमिंग पर सवाल उठाए व कहा कि क्या आईएमएफ द्वारा पाक़ को आतंकवाद को वित्त पोषित करने में मदद की जा रही है, उन्होंने मदद पर पुनर्विचार करने की अपील आईएमएफ से की तथा आतंकवाद के हर रूप स्वरूप को समाप्त करने की भी बात कही, तथा कहा कि आईएमएफ द्वारा प्राप्त वित्त से ध्वस्त किए गए आतंकवादियों के इंफ्रास्ट्रक्चर फिर से खड़े करने की संभावना है, आगे कहा कि हमारी लड़ाई सिर्फ एक टेलर थी, जरूरत पड़ी तो आगे पूरी तस्वीर दिखाएंगे। तो उधर इस बात का पाक के विदेश मंत्रालय ने तुरंत जवाब दिया, मंत्रालय के बयान में कहा गया, ये गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियां पारंपरिक तरीकों से भारतीय आक्रमण के खिलाफ पाकिस्तान की प्रभावी रक्षा और प्रतिरोध के बारे में उनकी गहरी असुरक्षा और हताशा को दर्शाती हैं। पाकिस्तान की पारंपरिक क्षमताएं भारत को रोकने के लिए काफी हैं, बिना किसी सेल्फ इंपोज्ड न्यूक्लियर ब्लैकमेल के, जिससे नई दिल्ली पीड़ितहै और कहा कि युद्ध ग्राम 18 मई 2025 तक है। यानें हम देख सकते हैं कि आईएमएफ का ऋण पाक को 14 मई 2025 को मिल चुका है, तो उसक़े तेवर ही बदल गए हैं यानें अपने कर्ज को चुकाने व आतंकवाद को फिर से पोषित करने की ताकत वित्त के रूप में फिर उन्हें मिली है चूँकि आईएमएफ ऋण मिलते ही पाक़ के सुर बदले और कहा बगैर न्यूक्लियर बम के ही भारत को रोकने में सक्षम है तथा युद्ध विराम 18 मई तक है तथा अमेरिकी दबदबे वाला आईएमएफ पाक पर इतना मेहरबान क्यों? क्या अमेरिका चीन साथ-साथ, वित्त पोषण से फिर सिर उठाएगा आतंकवाद, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत का आईएमएफ को दो टूक संदेश,पाक़ को फंड देने पर पुनर्विचार करें, क्योंकि है आतंकवाद को वित्त पोषण करने की संभावना का सही अनुमान है।



साथियों बात अगर हम दिनांक 15 व16 मई 2025 को माननीय रक्षामंत्री द्वारा आईएमएफ को ऋण पर पुनर्विचार की अपील की करें तो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमफ) से पाक को मिलने वाली मदद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पाक इस पैसे का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर सकता है। उन्होंने यह बात गुजरात के भुज एयर फोर्स स्टेशन से कही। उन्होंने दुनियाँ से पाक को आर्थिक मदद रोकने की अपील की है। आईएमफ ने हाल ही में पाकिस्तान को सहायता के तौर पर 1.023 बिलियन अमेरिकी डॉलर की दूसरी किश्त दी है।रक्षा मंत्री ने कहा कि पाक को आईएमफ से जो पैसामिलेगा उसका बड़ा हिस्सा वह अपने देश में आतंकवाद के ढांचे को मजबूत करने में लगाएगा। उन्होंने भारत की तरफ से आईएमफ से यह अपील की है कि वह पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने पर फिर से विचार करे। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान को आईएमफ से जो पैसा मिलेगा, उसका बड़ा हिस्सा वो अपने देश में आतंकवाद फैलाने वाले ढांचे को मजबूत करने में लगाएगा। मेरा मानना कि पाकिस्तान इस पैसे का गलत इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तान आईएमफ के बेलआउट पैकेज पर बहुत ही ज्यादा निर्भर है। इस पैकेज से उसे अपने घटते विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मदद मिली है। पिछले साल पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर था, तब आईएमफ ने उसे 3 बिलियन डॉलर की मदद देकर बचाया था। आईएमफ की वेबसाइट के अनुसार,पाक़ को सदस्य बनने के बादसे अब तक कम सेकम 25 बेलआउट लोन मिल चुके हैं। इस साल अप्रैल के अंत में पाक का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अगस्त 2024 में यह 9.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अनुमान है कि जून 2025 के अंत तक यह 13.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच पाएगा।आईएमफ ने पाक से कहा है कि वह अपनी जीडीपी का 1.6 प्रतिशत प्राथमिक बजट अधिशेष मानकर बजट बनाए। इसके लिए उसे गैर-ब्याज खर्चों के अलावा लगभग 2 ट्रिलियन रुपये जुटाने होंगे। इसका मतलब है कि पाकिस्तान को अपनी आमदनी बढ़ानी होगी और खर्च कम करने होंगे। अभी पाकिस्तान की स्थिति ये है कि कर्ज चुकाने के लिए उसे कर्ज लेना पड़ रहा है।आईएमफ की सहायता पाकिस्तान के लिए अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद को बढ़ावा देती है,पाक अपनी जमीन पर आतंकवादी समूहों को शरण देता है और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करता है। ऐसे में आईएमफ द्वारा दी गई सहायता को आतंकवादियों को मदद देने जैसा माना जाता है। उनका यह बयान पाकिस्तान के खिलाफ भारत के बढ़ते गुस्से और चिंताओं को दर्शाता है, जो लंबे समय से पाक के आतंकी सरगनाओं के समर्थन के खिलाफ हैं।उन्होंने इस वित्तीय सहायता को आतंकवाद को अप्रत्यक्ष समर्थन देने जैसा करार दिया है।

साथियों बात अगर हम भारतीय रक्षामंत्री के बयान का तुरंत जवाब पाक विदेश मंत्रालय द्वारा देने की करें तो भारत और पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने नया बयान जारी करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है। यह अस्थायी युद्धविराम नियंत्रण रेखा पर जारी गोलीबारी को रोकने के उद्देश्य से लागू किया गया है, हालांकि भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है, भारत की कार्रवाई से पाक की ओर से कहा गया है भारत से रविवार यानी 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है, ट्रंप के सीजफायर वाले ऐलान से पहले बीते कुछ हफ्तों से नियंत्रण रेखा पर लगातार हो रही गोलीबारी और ड्रोन हमलों के बीच यह सीजफायर फैसला एक अस्थायी राहत की तरह देखा जा रहा है।


(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> अब सवाल उठता है कि इतनी बड़ी राशि यानी 1.023 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मंजूरी आईएमएफ ने कैसे की और डिलीवरी भी दे दी। मेरा मानना है कि बिना अमेरिका की सहमति से यह बिल्कुल ही नहीं हो सकता? मेरा मानना है कि अमेरिका इसी एक तीर से अनेकों निशाने लगाने की कोशिश कर रहा है, पाक की चीन पर निर्भरता कम करना, चीन को ग्वादरपोर्ट से लेकर चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर के कर्ज के पैसे दिलाना तथा कि चीन से बढ़ती यारी और कर दे भारत को दर किनार वाली नीति तो नहीं, क्योंकि भारत जिस तेजी से बुलंदियों के झंडे गाढ़ रहा है उसे विश्व हैरान है।

# खुद को बदल डालो, तुम औरों को नहीं बदल सकते

**नरेंद्र भारती**

एक विद्वान ने कहा था की खुद को बदल डालो तुम औरों को नहीं बदल सकते यह अटल सच्चाई है और आधुनिक समय के हालातों पर सटीक फिट हो रही है। दुनिया में प्रत्येक मानव के अपने- अपने विचार हैं अपनी- अपनी संगत है अपने =अपने दायरे हैं अपनी अपनी ख़ुशी है आदमी खुश रहना चाहिए। इंटरनेट की दुनिया में सब मस्त हैं चौबीस घंटे व्यस्त हैं। ग़लत काम के लिए वक़्त ही वक़्त है अच्छे काम के लिए वक़्त नहीं है। आज संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा है। इंटरनेट की दुनिया ने सबको विद्वान् बना दिया है हर आदमी हरफ़नमोला बन चूका है। अपने से बड़ों का अपमान किया जा रहा है निरादर किया जा रहा है यह बहुत ही त्रासदी है। अहंकार हावी हो चूका है और मानव अहंकारी बनता जा रहा है। एक दूसरे को नीचा दिखाना मानव की फितरत बन चुकी है।खूनी रिश्तों में बढ़ता संक्रमण बहुत ही घातक होता जा रहा है और नैतिक मूल्यों में गिरावट एक त्रासदी बनती जा रही है।नैतिक मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है व खूनी रिश्तों का आस्तित्व खत्म होता जा रहा है,नैतिक मूल्यों में गिरावट एक त्रासदी है समय रहते इस त्रासदी को रोकना होगा समाज को मंथन करना होगा तभी नैतिक मूल्यों की गिरावट।क सकती है। अक्सर देखा गया है की नई पीढ़ी नैतिक मूल्यों को भूलती जा रही है। नैतिक मूल्यों का ह्रास बहुत ही चिंतनीय है बुद्धिजीवी वर्ग को समय रहते मनन करना होगा वरना बहुत देर हो जाएगी। आधुनिक मानव स्वार्थी होता जा रहा है खून के रिश्तों को तोड़ रहा है और गैरों को अपना बना रहा है। विश्वास टूट रहे हैं अविश्वास बढ़ता जा रहा है। रिश्तों की मिठास खत्म हो रही है रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती जा रही है। रिश्तों के बंधन टूट रहे हैं खून के रिश्तों में गांठे पड़ती जा रही हैं। नैतिक मूल्य नष्ट होते जा रहे हैं। रिश्तों की माला बिखर रही है माला के मनके इधर उधर बिखर रहे हैं। खूनी रिश्ते गुमशुदा व गुमनाम होने लगे हैं कुछ रिश्ते लापता हो चुके हैं लापता होचुके रिश्तों को ढूंढ़ना होगा। रिश्तों की वर्णमाला के अक्षर भी आगे पीछे हो चुके हैं। रिश्तों की इबारतें भी बदल चुकी हैं। गलतफहमी ने भी रिश्तों को तोड़ा हैं टूट चुके रिश्तों को जोड़ना चाहिए ताकि रिश्तों की जड़े सदैव हरी रहे अहंकार के कारण रिश्ते बिखर रहे हैं। माया के मोहजाल में फंस चूका मानव आज भटक चूका है माया में अंधा हो चूका है पथभ्र्स्ट हो चूका है संवेदना,करुणा,मानवता नाम की कोई चीज नहीं है एक दूसरे को नीचे गिराने के लिए अनैतिक कार्य कर रहे हैं। रिश्ते असुरक्षित होते जा रहे हैं डरावने होते जा रहे हैं भय का वातावरण बन चूका है। रिश्तों के सिद्धांत बदलते जा रहे हैं परिभाषा बदल चुकी है रिश्ते मतलबपरस्त होते जा रहे हैं। नेकी व भलाई व अच्छाई खत्म होती जा रही है और बुराई का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। रिश्तों में ग्रहण लग गया है एक दूसरे का अच्छा नहीं देख सकते। ईर्ष्या पनप रही है नतीजन सगे रिश्तों के सुख दुःख में शामिल नहीं होते केवल मात्र औपचारिकता निभाई जा रही है। चंद स्वार्थ के लिए रिश्ते टूट रहे हैं। रिश्तों की मशाल बुझती जा रही है। रिश्तों में बिखराव बड़े पैमाने पर बढ़ता जा रहा है। रिश्ते अर्थहीन होते जा रहे हैं। रिश्तों का स्वरूप बिगड़ चूका है। समाज को इस पर समीक्षा करनी होगी। रिश्तों में बढ़ती दूरियों को पाटना होगा एक सेतु बनाना होगा बिखर चुके रिश्तों को समेटना होगा ताकि रिश्तों की मशाल निर्बाध रूप से जलती रहे। बिखर चुके रिश्तों को संग्रहीत करना होगा नफ़रत के बीजों को नष्ट करना होगा। अपवित्र हो चुके रिश्तों को गंगाजल से पवित्र करना होगाद्य खानाबदोशों की तरह बिखर चुके व भटक चुके रिश्तों को इकठा करना होगा। रिश्तों में विश्वास लाना होगा ताकि विश्वास बरकरार रहे। रिश्तों का व्याकरण बदल चूका है। प्रस्तावना से सारांश तक रिश्ते बदलते जा रहे हैं। बिखर चुके खून के रिश्तों का विश्लेषण करना होगा रिश्तों की इस तबाही को रोकना होगा। नैतिक मूल्यों का क्षरण रोकना होगा। भटक चुके मानव को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाना चाहिए ताकि एक स्वस्थ समाज बन सके। मानवीय मूल्यों क़ो बचाना होगा। आधुनिक मानव माया के लालच में रिश्ते नाते भूलता जा रहा है मोबाइल पर व्यस्तता बहुत बढ़ गई है किसी से कोई मतलब नहीं है मोबाइल ही सच्चा साथी बन गया है मोबाइल ने रिश्तों में दूरियां पैदा कर दी हैंद्य मानव की संवेंदनायें मृतप्राय हो चुकी हैं और मानव संवेंदनहीन हो चूका है,कौन जी रहा कौन मर रहा है कोई सरोकार नहीं है। यह बहुत ही त्रासदी है चौबीस घंटे इंटरनेट की दुनिया में मस्त है चौबीस घंटे भी कम होने लगे है। दिन रात आभासी दुनिया में अनावश्यक ही व्यस्त रहता है। व्यस्तता इतनी बढ़ गई है कि माँ बाप के साथ बात तक करने क़ो समय नहीं है। एक समय था कि आदमी एक दूसरे के दुःख सुख में शामिल होता था लेकिन आज किसी के पास एक मिनट का भी समय नहीं है। रिश्ते नाते खत्म होते है रहे हैं रिश्तों का कत्लेआम किया जा रहा है चंद स्वार्थ के लिए रिश्ते तोड़े जा रहे हैं। समाज में भाई चारा खत्म होता जा रहा है एक दूसरे क़ो नीचा दिखाने कि होड़ लगी है। सोशल मीडिया पर हर समय व्यस्त रहते हैं। आज गरीब रिस्तेदार व भाई से नफ़रत की जाती हैद्य आभासी दुनिया तक ही सीमित हो चुके है। यह पतन कि पराकाष्ठा है। सवेंदना की परिभाषा बदल चुकी हैं और लोग संवेंदनहीन होते जा रहे हैं।



(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> रिश्तों की बुनियाद हिलती जा रही है और जर्जर हो चुकी है दीवार का एक पत्थर भी निकल जाये तो दीवार कभी भी ढह सकती है और रिश्ते दफन हो सकते हैं।रिश्तों की दशा अब दुर्दशा में बदलती जा रही हैद्य मानव निजी हितों के लिए अनैतिक आचरण कर रहा हैद्य यह बहुत ही घातक है।जर,जोरू,जमीन के लिए रिश्तों का खून बहाया जा रहा है परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं जमीन के टुकड़े के लिए एक दूसरे के प्यासे हो चुके हैं। भाईचारा खत्म होता जा रहा नफ़रत के बीज बोये जा रहे हैं रिश्तों की दीवारें दरक रही हैं और नफ़रत की दीवारें खड़ी होती जा रही हैं। रिश्तों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है असंतोष पनपता जा रहा है रिश्तों में गहरी खाइयाँ होती जा रही हैं।

## मेरी मां- तेरी मां

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

मां है तो हम है, मां हैं तो जहान हैं। मां की छाव से बडी कोई दुनिया नहीं। मां के चरणों में जन्नत हैं और उस जन्नत की मन्नत सदा-सर्वदा हम पर आसिन हैं। मां की बरकत कभी भेदभाव नहीं करती वह समान रूप से सभी बच्चों पर बरसती हैं। मां के लिए कोई औलाद तेरी-मेरी नहीं बल्कि सिर्फ और सिर्फ मेरी ही होती हैं। एक मां के आंचल में सब बच्चे समा जाते हैं पर सब बच्चों के हाथों में एक मां नहीं समा सकती। इसीलिए मेरी मां- तेरी मां की किरकिरी में मां परायी हो जाती हैं। क्यां मां का भी बंटवारा हो सकता हैं, आज मेरी तो कल तेरी और परसों किसी की नहीं। हालात तो बंटवारे की हामी भरते है। बानगी में वक्त के साथ-साथ खून का अटूट बंधन ममता के लिए मोहताज हो जाता हैं। मां बेटा-बेटा कहती हैं और बेटा टाटा-टाटा कहता हैं। वाह! रे जमाना तेरी हद हो गई जिसने दुनिया दिखाई वह सरदर्द होकर तोल मोल के चक्कर में बेघर हो गई। यह एक चिंता की बात नहीं वरन् चिंतन की बात हैं कि आखिर ऐसा क्यों और किस लिए हो रहा है? इसका निदान ढूंढे नहीं मिल रहा है या ढूंढना नहीं चाहते हैं। चाहे जो भी इस वितृष्णा में दूध का कर्ज मर्ज बनते जा रहा है, जो एक दिन नासुर बनकर मानवता को तार-तार कर देगा। तब हमें अहसास होगा कि माता, कुमाता नहीं हो सकती अपितु सपूत कपूत हो सकते हैं। बहरहाल, पूत के पांव जब पालने में होते है तब से वो मां, मां की मधुर गुंजार से सारे जग को अलौकिक कर देता हैं। अपनी मां के लिए रोता हैं, बिलकता हैं और तडपता हैं। मां की गोद में बैठकर निवाला निगलता हैं। उसे तो चहुंओर मात्र दिखाई पडती है तो अपनी मां और मां, मां कहकर अपनी मां पर अपना हक जताता हैं। यही ममतामयी माया मां-बेटे के अनमोल रिश्ते का बेजोड मिलन हैं। लगता है यह कभी टूटेगा नहीं पर काल की काली छाया इस पवित्र बंधन को जार-जार करने में कोई कोर कसर नहीं छोडती। देखते ही देखते मेरी मां, तेरी मां और दर-दर की मां बन जाती हैं। दरअसल, जवान जब आधुनिक व भौतिकी उलझन में नफा-नुकसान का ख्याल करते है। तब बूढे मॉ-बाप बेकाम की चीज बनकर बोझ लगने लगते हैं। जब इनसे कोई फायदा नही तो इन्हें पालने का क्यां मतलब? जिसने कोख में पाला उसकी छाया बुरी है। इसी मानस्किता को अख्तियार किये तथाकथित बेपरवाह खूदगर्ज अपनी जननी को तेरी मां-तेरी मां बोलकर अपनी जिम्मेदारियों से छूटकारा चाहते है। वीभत्स चौथे पहर में पनाह देने के बजाय वृद्धाश्रम में ढकेल कर या कूड-कूडकर जीने के लिए हाथों में भीख का कटोरा थमा देते है। जहां वह बूढी मां मेरे बेटे-मेरे बेटे की करहाट में दम तोडने लगती हैं कि कब मेरा बेटा आएगा और प्यार से दो बूंद पानी पिलाएंगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

### शब्द पहेली - 8372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**
1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

**शब्द पहेली -8371 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ल | वा | र | ■ | वि | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | द्य | ■ | अ | रा | ज | क |
| क | रा | र | ■ | क | प | ट | ■ | हा |
| ■ | र | ज | त | ■ | ना | ■ | आं | सु |
| अ | ■ | क | मी | ना | प | न | ■ | नी |
| चा | बी | ■ | ज | ■ | न | ज | ला | ■ |
| न | ■ | स | वा | ल | ■ | र | ज | त |
| क | र | ब | ला | ■ | आ | ■ | वा | ■ |
| ■ | ■ | ल | ■ | अ | स | बा | ब | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### दैनिक पंचांग

**20 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 04.58 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 07.00 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.14 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.42 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 15.53 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.07 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.23 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.28 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 00.15 बजे से |
| | | मीन | 01.48 बजे से |
| | | मेष | 03.18 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 140 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 05.52 बजे तदनन्तर अष्टमी 04.56 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 19.32 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 02.50 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 05.52 बजे, बालव 17.29 बजे तदनन्तर कौलव 04.56 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 59' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872350 **जूलियन दिन** 2460815.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 21 **विशेष** कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट




### कोतमा डाकघर में लापरवाही, उपभोक्ताओं को आधी जमा पर्ची देकर काम चलाया जा रहा

कोतमा । भारतीय डाकघर कोतमा में उपभोक्ताओं को अधूरी जमा पर्ची देकर राशि जमा कराई जा रही है। पर्ची की कमी का हवाला देते हुए डाकघर प्रबंधन ने कहा कि शहडोल से पर्चियां नहीं आ रही हैं, इसलिए पर्ची फाड़कर दी जा रही है। उपभोक्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई तो कर्मचारियों ने 'लिंक फेल' बता कर काम बंद कर दिया। एक हफ्ते से आधार सेंटर भी बंद-इसके अलावा आधार केंद्र भी बीते एक सप्ताह से बंद है। मशीन खराब होने के कारण दूर-दराज से आने वाले लोग परेशान होकर लौट रहे हैं। शिकायतों के बावजूद न ही कोई समाधान निकाला गया और न ही शहडोल के सुपरीटेंडेंट से संपर्क हो पाया।

### राज्य मंत्री ने ग्राम कोठी एवं देवगवां में एक-एक करोड़ से निर्मित होने वाले मंगल भवन का किया भूमि पूजन




अनूपपुर। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने रविवार को कोतमा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवगवां और कोठी में एक-एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले दो मंगल भवनों माधव मंगल भवन (देवगवां) और संत शिरोमणि रविदास मंगल भवन (कोठी) के लिए विधि-विधान के भूमि पूजन किया। इन मंगल भवनों के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों को विवाह, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्थान उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र में सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर राजू यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बिजुरी पुलिस ने 12 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया




बिजुरी। पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर बिजुरी पुलिस ने 12 वर्षीय नाबालिग बालिका को पेंड्रा रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। बालिका 15 मई को बिना सूचना के घर से लापता हो गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बालिका की खोजबीन शुरू की। निरीक्षक विकास सिंह एवं टीम की तत्परता से बालिका को जल्द ही ढूंढ निकाला गया। बालिका को सुरक्षित घर लौटाने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है।

### आकाशीय बिजली गिरीः महिला की मौत, पांच हताहत




सीधी। जिले के बहरी थाना अंतर्गत सरेह गांव में आज दोपहर आंधी-पानी के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिरने से आधा दर्जन लोग उसकी चपेट में आ गये। घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को देने पर सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। परीक्षण के पश्चात डॉक्टर द्वारा एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं पांच हताहतों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।घटना के संबंध में हीरालाल कोरी पिता मनबहोर कोरी उम्र 40 वर्ष निवासी सरेह ने बताया कि आज तिलक का कार्यक्रम था। जिसके चलते काफी संख्या में नात-रिश्तेदार दोपहर में इक्ट्ठा थे। भोजन के बाद जब वह बाहर निकला तो छविलाल मौर्या के घर की तरफ काफी हल्ला-गुहार मचा हुआ था। पास जाने पर मालूम पड़ा कि घर के सामने आकाशीय बिजली के गिरने से 6 लोग उसकी चपेट में आ गये। इसके बाद 108 एम्बुलेंस से सभी को जिला अस्पताल सीधी लाया गया। अस्पताल में सीमिया मौर्या पति छविलाल मौर्या उम्र 50 वर्ष निवासी सरेह को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं अन्य हताहतों में सीमा मौर्या पति सुनील मौर्या 30 वर्ष, अर्जुन मौर्या पिता बुद्धसेन मौर्या 17 वर्ष, अनुज मौर्या पिता बुद्धसेन मौर्या 20 वर्ष, आशीष मौर्या पिता सुनील मौर्या 10 वर्ष, रूबी मौर्या पिता हीरालाल मौर्या 5 वर्ष सभी निवासी सरेह शामिल हैं।

---

### सेमरा पंचायत में भ्रष्टाचार की परतें खुलीं, कागजों में काम, ज़मीन पर सन्नाटा

# सांस्कृतिक रंगमंच के मेंटेनेंस के नाम पर पैसे की होली


विजय मत फॉलोअप अनूपपुर

**विजय मत, अनूपपुर**

जनपद पंचायत बदरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा में सरपंच तीजन पुरी और सचिव उत्तमलाल पटेल पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सांस्कृतिक रंगमंच के मेंटेनेंस के नाम पर पंचायत ने ?49,970 की राशि का भुगतान तो कर दिया, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। मंच की दीवारें आज भी टूटी पड़ी हैं और फर्श जगह-जगह से उखड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है। पंचायत पहले भी फर्जी बिलों और बिना काम के भुगतान को लेकर अखबारों की सुर्खियों में रह चुकी है। अब एक बार फिर सांस्कृतिक रंगमंच के नाम पर हुए फर्जी भुगतान ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




ग्राम पंचायत सेमरा में भ्रष्टाचार का बम
मिठाई की दुकान के बिल पर हुआ LED लाइट का भुगतान! 4 लाख के LED लाइट घोटाले में निकली मिठाई की दुकान की पोल
विजय मत, अनूपपुर
पंचायत में हुआ धांधली का खुलासा
जीएसटी लागू, फिर भी टीआईएन नंबर से भुगतान?
वारंटी अवधि में खराब हुई लाइट, नहीं दी गई कोई सूचना
अब सवाल यह उठता है
इनका कहना है
सरपंच
ग्राम पंचायत सेमरा




#### कागजों में मेंटेनेंस, असल में मंच जर्जर

सूत्रों के अनुसार, सांस्कृतिक रंगमंच की मरम्मत से संबंधित कोई भी कार्य वास्तव में नहीं कराया गया। केवल कागजों में मेंटेनेंस का कार्य दर्शाकर राशि आहरित कर ली गई। इंजीनियर, सरपंच और सचिव की मिलीभगत से शासकीय धन की बंदरबांट की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रंगमंच की हालत पहले जैसी ही है और उसमें किसी प्रकार की मरम्मत कार्य नहीं हुआ है।

#### जनता की पहुँच से दूर जिम्मेदार

जब पत्रकार, जनप्रतिनिधि या ग्रामीण सरपंच, सचिव या इंजीनियर से संपर्क करने की कोशिश करते हैं, तो वे फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझते। कई बार कॉल काट दिया जाता है, जिससे संदेह और भी गहरा जाता है। लोगों का कहना है कि यह व्यवहार दर्शाता है कि कहीं न कहीं अधिकारी खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

#### शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

ग्राम पंचायत सेमरा में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में यह आशंका गहराने लगी है कि कहीं इस गोरखधंधे को ऊपर से संरक्षण तो नहीं प्राप्त? सवाल उठता है कि आखिर कब तक यह भ्रष्टाचार यूं ही चलता रहेगा और कब दोषियों पर कार्रवाई होगी।

#### क्या कहते हैं अधिकारी?

इस मामले में जब जनपद पंचायत की सीईओ उषा किरण गुप्ता से बात की गई, तो उन्होंने कहा,आपके माध्यम से हमें जानकारी मिली है, मामले की जांच करवाई जाएगी। दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

#### ग्रामीणों की माँग - हो निष्पक्ष जांच, हो कार्रवाई

सेमरा के ग्रामीणों ने मांग की है कि सांस्कृतिक रंगमंच से जुड़ी राशि और अन्य विकास कार्यों की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

---

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना कालरी के नवीन भवन का पूर्व मंत्री विधायक ने किया लोकार्पण

### भव्य एवं स्वच्छ वातावरण में अब बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

**विजय मत, अनूपपुर**

आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत 545 .24 लाख की राशि से निर्मित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना कालरी के नवीन भवन का लोकार्पण रविवार, 18 मई 2025 को सायं 4 बजे मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री अनूपपुर वर्तमान विधायक बिसाहूलाल सिंह के द्वारा किया गया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, बृजेश गौतम, कार्यक्रम के अध्यक्ष राम अवध सिंह ,भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष अजय द्विवेदी की गरिमामय उपस्थिति में मां भारती एवं सरस्वती माता की पूजा अर्चना के पश्चात नवीन भवन का लोकार्पण किया गया ।



#### विकास के मामले में पसान को मिली प्राथमिकता

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवधव सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह का इस क्षेत्र को सदैव भरपूर आशीर्वाद मिला है जिसका परिणाम है कि नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र विकास के मामले में निरंतर आगे बढ़ रहा है उनके प्रयास से ही आज करोड़ों की लागत से नवीन भवन लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, अब बच्चों को बैठने और बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होगी एक भव्य भवन एवं स्वच्छ वातावरण में शिक्षा की ज्योत सदैव अब जलती रहेगी। श्री सिंह ने शाल श्रीफल एवं स्वागत उद्बोधन के माध्यम से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

#### शिक्षित समाज से देश का होगा विकास

मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं अनूपपुर विधायक विसाहूलाल सिंह ने कहा कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना कॉलरी के इस नवीन भवन के निर्माण का भूमि पूजन करने के साथ ही हमें लोकार्पण करने का भी अवसर प्राप्त हुआ । हम चाहते हैं कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के ना रहे, जब हमारा समाज शिक्षित होगा तो हमारा देश आगे प्रगति करेगा। हमने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दिया और जिले भर में संचालित विद्यालयों के उन्नयन से लेकर भवन निर्माण के कार्यों को करा कर बेहतर सुविधा प्रदान करने का कार्य किया गया

#### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रहे उपस्थित

लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू जायसवाल नगर पालिका पसान के उपाध्यक्ष अजय यादव जनपद बदरा के उपाध्यक्ष तेजभान सिंह भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक लाल पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह वरिष्ठ नेता सुखविंदर सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो एसडीओ पीआईयू प्रभात लोरिया अनूपपुर वीईओ के के वर्मा कोतमा वीईओ आरके मिश्रा प्राचार्य श्रीमती सुचिताव शर्मा पार्षद अब्दुल कलाम इंद्रलाल केवट दीपक यादव पूजा सिंह श्याम दीपावली साहू श्रीमती सरोज लोधी पुष्पा सिंह गीता अजय यादव सविता रूपेश सिंह विकास जायसवाल भाजपा मंडल महामंत्री धीरेंद्र सिंह मिंटू रोशन प्रजापति सूर्य प्रकाश लोधी रीता सिंह विद्यालय के शिक्षक अमित रहा अवध राज सिंह सोलंकी सतीश सिंह ज्ञान प्रकाश राम नारायण महेंद्र दास चौधरी जौहर सर तथा क्षेत्र के नागरिक, अभिभावक विद्यालय की छात्र छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे मंच का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह एवं संजय त्रिपाठी के द्वारा किया गया आभार प्रकट विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अवध राज सिंह सोलंकी ने किया

---




# 1 जून से जिले में लगेगा विशेष आधार कैंप

### कलेक्टर ने दिए व्यापक तैयारी के निर्देश

**विजय मत, अनूपपुर**

7 जिले में 1 जून से सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में आधार पंजीयन व सुधार के लिए विशेष कैंप लगाए जाएंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सभी विभागों को 25 मई तक वार्ड व पंचायतवार कैंप का शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कैंपों का संचालन पारदर्शी और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली को पूरी तरह लागू करने, डिजिटल हस्ताक्षर अनिवार्य करने और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाएं, ई-केवाईसी की प्रगति, कोचिंग व्यवस्था, और अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले, इसके लिए विभागीय अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें।

---

# पुष्पांजलि चैरिटेवल फाउन्डेशन के फल वितरण कार्यक्रम में दिखा उत्साह

**विजय मत, सीधी**

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया में लगातार आठ माह से अधिक समय से मरीजो को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले इस बात की चिन्ता करते हुए पुष्पांजलि चैरिटेवल लगातार मरीजो को फल विस्किट वितरित किया जा रहा है। इसी क्रम में इस सोमवार को भी फल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेमरिया थाना के नवागत थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह ने अपने वक्तव्य मे कहा कि सेमरिया अस्पताल में यह कार्य अति सराहनीय व अपने आप में पुण्य का कार्य है इस सेवा कार्य मे लगे सभी समाजसेवियो को बधाई देता हूँ तथा आपपास से पहुचे लोगो को भी बधाई दी तथा लोगो को निर्भय रह कर जीवन यापन की सलाह दी ।कार्यक्रम मे अस्पताल के चिकित्सक व तत्कालीन थाना प्रभारी एस आई भूपेन्द्र बागरी, सहित पुलिस स्टाफ ,विनीत सिंह ,मनीष शुक्ला उपस्थित रहे।कार्यकम की अध्यक्षता रामनरेश शुक्ल, विशिष्ट अतिथि राकेश तिवारी एड व संस्था वालेन्टियर पवन तिवारी,भगवान प्रकाश, मनोज कुमार, मुन्द्रिका सोनी सहित काफी संख्या मे मरीज उपस्थित रहे ।




---

### किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर

सीधी । खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है।

---

# ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, सीधी**

भुइमाड़ पुलिस नें ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर लगभग 6 लाख रूपए कीमती मशरुका जप्त किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी कुसमी रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी भुइमाड़ उनि डीडी सिंह के नेतृत्व में भुइमाड़ पुलिस नें ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर चोरी गई ट्राली के साथ चोरी मे प्रयुक्त ट्रैक्टर का हेड जप्त किया है। पुलिस के अनुसार थाना भुइमाड़ में फरियादी मोहन सिंह पिता स्व. संरजू शरण सिंह निवासी मझौली टोला थाना भुइमाड़ जिला सीधी थाना में रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी ट्रेक्टर की ट्राली जो हमारे घर के बगल मे बजरंग बली मंदिर के पास खड़ी रहती थी। आज सुबह देखा तो नही था जिसको दिनांक 16 मई 2025 एवं 17 मई 2025 के दरम्यानी रात्रि अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है। जिसका पता तलास आस पडोस मे किया तो कही पता नहीं चला। मेरी पुरानी इस्तेमाली ट्राली की कीमत 50 हजार रुपये है। फरियादी के रिपोर्ट पर चोरी का मामला कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा थाना प्रभारी उनि डीडी सिंह एवं भुइमाड़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर चोर के बारे पता तलाश की गई जो दौरान विवेचना संदेही पंजाब सिंह पिता हीरालाल सिंह ग्राम कसइयां थाना सरई जिला सिंगरौली को हिरासत मे लेकर पूछ-ताछ की गई तो उसनें चोरी करना स्वीकार किया एवं बताया कि मै अपना ट्रैक्टर का इंजन लेकर जा रहा था था। रास्ते मे मुझे ट्राली खड़ी दिखी जिसको मैं अपने ट्रैक्टर मे फसाकर ले गया था और भदौरा के मुरारी जायसवाल के यहां बेच दिया था।




---

**लापरवाही**

### हाईवे पर फैली मिट्टी से युवक घायल, नियमों की अनदेखी से हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# कदमटोला में नल-जल योजना बना खतरा

### ग्रामीणों में आक्रोश, ठेकेदार और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

**विजय मत, अनूपपुर**

ग्राम पंचायत कदमटोला में %हर घर नल-जल योजना% के तहत चल रहा कार्य अब आम लोगों के लिए जानलेवा साबित होने लगा है। पाइपलाइन बिछाने के लिए की जा रही खुदाई से निकली मिट्टी को ठेकेदार द्वारा अनियंत्रित तरीके से हाईवे और सड़क पर फैला दिया गया है। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

बीती रात ग्राम निवासी शंकर महरा इसी लापरवाही का शिकार हो गए। अंधेरे में सड़क पर फैली मिट्टी दिखाई न देने से उनकी बाइक फिसल गई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। यह घटना गांव में भय और आक्रोश का कारण बन गई है।





**ना बैरिकेड्स, ना चेतावनी बोर्ड - ठेकेदार की खुली मनमानी**

स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क किनारे खुदाई के बाद मिट्टी को हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, न ही रात में रिफ्लेक्टर या लाइटिंग की व्यवस्था है। यह सीधी-सीधी कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों की अनदेखी है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी न पंचायत और न ही प्रशासन ने कोई कार्रवाई की।

**सड़क परिवहन मंत्रालय के नियमों का उल्लंघन**

भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी भी राजमार्ग या सार्वजनिक मार्ग पर निर्माण कार्य करते समय बैरिकेड्स, चेतावनी संकेतक, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। इन नियमों का पालन न करना आपराधिक लापरवाही की श्रेणी में आता है। यदि इससे किसी व्यक्ति को चोट आती है या जान जाती है, तो ठेकेदार और संबंधित अधिकारी आपराधिक दायित्व के अंतर्गत आते हैं।

यह सिर्फ एक हादसा नहीं, एक चेतावनी है ग्रामीणों का कहना है कि यह दुर्घटना प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा है। ÷आज शंकर घायल हुए हैं, कल किसी की जान जा सकती है,÷ एक स्थानीय नागरिक ने कहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस लापरवाही पर रोक नहीं लगी, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

**प्रशासन मौन, जिम्मेदार बेपरवाह**

घटना के बाद भी अब तक न कोई जांच शुरू हुई है और न ही किसी अधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इससे ग्रामीणों का आक्रोश और अधिक बढ़ गया है। लोग मांग कर रहे हैं कि ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए और नल-जल योजना के कार्य में सुरक्षा के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

## न्यूज इन शॉर्ट

### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 23 मई को

शहडोल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि अध्यक्ष जिला पंचायत शहडोल की उपस्थिति में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन 23 मई को दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा।

### जिले में कुल 3.71 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

शहडोल। अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 18 मई 2025 को कुल 3.71 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 0.0 मिमी., बुढ़ार में 1.0 मिमी., गोहपारू में 2.0 मि.मी., जैतपुर में 0.0 मिमी, चन्नौड़ी में 0.0 मिमी., ब्यौहारी में 0.0 मिमी, जयसिंहनगर में 25.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में कुल 26.0 मिमी वर्षा एवं औसत वर्षा 3.71 मिमी. दर्ज की गई है।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार कराने हेतु मास्टर ट्रेनर नियुक्त

शहडोल। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के निर्वाचन हेतु 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि के आधार पर फोटो युक्त मतदाता सूची के सतत पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ केदार सिंह द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार कराने हेतु जनपद पंचायतवार मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। सोहागपुर जनपद पंचायत हेतु प्रशांत सालवार एवं पंकज तिलाटिया दोनो व्याख्याता पॉलीटेक्निक शहडोल, ब्यौहारी जनपद पंचायत हेतु एचएल पेन्टों बीईओ ब्यौहारी, तथा शशिकांत शर्मा प्राचार्य शा.उ.वि. खड्डा ब्यौहारी, जनपद पंचायत बुढ़ार के लिए अनूप सेन तथा डॉ मनोज कुजूर दोनो सहायक प्राध्यापक शा. नेहरू महा.विद्यालय बुढ़ार, जयसिंहनगर जनपद पंचायत के लिए महेन्द्र त्रिपाठी सहायक शिक्षक तथा पुष्पेन्द्र सिंह वरिष्ठ अध्यापक को मास्टर टेऊनर नियुक्त किया गया है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में 29 मई से 12 जून तक शिविर

शहडोल। भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से 29 मई से 12 जून तक खरीफ फसल के पूर्व अभियान चलाकर केन्द्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दिजात की गई नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकियों तथा किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। विकसित कृषि संकल्प अभियान के संचालन समिति की बैठक कलेक्टर डॉ केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय टीम का चयन कर दैनिक रूप से आयोजित किए जाने वाले कृषि शिविरों की तिथि एवं स्थान का चयन कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। शिविरों में जहां किसानों को नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकियों की जानकारी दी जाए वहीं विभिन्न योजनाओं के नए पात्र हितग्राहियों का चयन तथा सफल किसानों द्वारा प्रस्तुतिकरण भी दिया जाए। अभियान के प्रभावी संचालन हेतु वैज्ञानिकों एवं कृषि संबद्ध टीमों का चयन किया जाए। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ, आई सी एआर संस्थान के वैज्ञानिक, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग मत्स्य विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़ पौध संरक्षण अधिकारी, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, एफपीओ, एफआईजी तथा स्वसहायता समूहों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रिवान्वयन हेतु क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में बुवाई जाने वाली प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक एवं उन्नत तकनीकि की जानकारी देना किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा नीतियों से अवगत कराने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूकता लाई जाएगी।

# जल चौपाल लगाकर कलेक्टर ने लोगों को बताया जल का महत्व

## पानी का संचयन आने वाले पीढ़ियों के लिए जरूरी, जल के बिना जीवन असंभव

**विजय मत, शहडोल**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तहसील सोहागपुर के ग्राम जोधपुर में प्रस्फुटन वाटिका प्रांगण में जल का महत्व बताने के लिए जल चौपाल लगाई। कलेक्टर ने जल का महत्व बताते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसके बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। उन्होंने बताया कि जल संसाधनों का अंधाधुंध दोहन भविष्य के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। इसलिए वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई तथा पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल को बचाने के लिए केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नही बल्कि हम सभी कि जिम्मेदारी है कि आने वाले पीढ़ियों के लिए पानी का संचयन करें। उन्होंने कहा कि जल के बीना जीवन संभव नही है, जल अमूल्य है, इसे बचाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि गांव आपका है, जल स्त्रोत भी आपके हैं, मिट्टी भी आपकी है और इनका उपभोग भी आप सभी ग्रामवासी करते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन स्थानीय समुदाय के सहयोग से किया जा रहा है। आप सभी लोग सहभागी बनें, जिला प्रशासन आपके साथ है।



जन चौपाल को सम्बोंधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा बदलते मौसम, भू-जल स्तर में गिरावट और अनियमित वर्षा के चलते जल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। ऐसे में जल का विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है।

जन चौपाल में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय, जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल, ग्राम पंचायत सचिव मनोज मिश्रा, राहुल द्विवेदी, जन अभियान परिषद के ग्राम प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था के सदस्य, सीएमसीएलडीसी के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

## बोधी बंधान कार्य में निभाई सहभगिता, जल संरक्षण का दिया संदेश



जल है अनमोल समझें इसका मोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तहसील सोहागपुर के ग्राम जोधपुर से बहने वाली मुड़ना नदी की जलधारा सूख सी गई थी। स्मशान घाट के पास पूर्व से बनाए गए स्टाप डैम में जन अभियान परिषद की ग्राम जोधपुर की प्रस्फुटन समिति तथा ग्राम पंचायत ने स्टाप डैम में बोरी बंधान करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के निर्णय से प्रभावित होकर कलेक्टर डॉ केदार सिंह, एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पाण्डेय भी गांव में पहुचकर श्रमदान किया। बोरी बंधान से धीरे-धीरे मुड़ना नदी के बहाव क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने लगा जिसे देखकर ग्रामीण जन प्रसन्न हो गए। सुबह तक जल भराव क्षेत्र तालाब सा आकार ले लिया। पानी भर जाने से गांव के पशु-पक्षियों को पीने का पानी तथा ग्रामीण जनों को निस्तार हेतु पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

बोरी बंधान में जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल, सरपंच रामसखु बैगा, उप सरपंच आदित्य प्रताप सिंह, सुशील शर्मा, ग्राम पंचायत सचिव मनोज मिश्रा, राहुल द्विवेदी, भानमती, छोटू बैगा, संतोष सिंह, अशोक प्रताप रजक, कमलभान सिंह अवधेश सिंह, कौसल प्रसाद वर्मा, विजय गुप्ता एडवोकेट तथा जन अभियान परिषद के ग्राम प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था के सदस्य, सीएमसीएलडीसी के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासियों ने श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

# पेट दर्द से तंग आकर बुजुर्ग महिला ने लगाई फांसी

**विजय मत, ब्योहारी**

जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 72 साल की एक बुजुर्ग महिला ने पेट दर्द से परेशान होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब यह हादसा हुआ, उस वक्त महिला का परिवार एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने मैहर गया हुआ था और वह घर में अकेली थी।



पुलिस के मुताबिक, महिला का नाम भूरी यादव था और वह पिछले चार सालों से पेट दर्द की बीमारी से परेशान थी। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि भूरी यादव ने घर के पास एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो पता चला कि महिला ने पेट दर्द से तंग आकर यह कदम उठाया।गांव के लोगों ने बताया कि भूरी यादव की तबीयत पिछले कुछ समय से बहुत खराब चल रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से भी काफी परेशान थीं। वह अक्सर कहती थीं कि पेट दर्द से बहुत तकलीफ हो रही है। उनके परिवार वाले भी बताते हैं कि वह कई बार पारिवारिक कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं होती थीं, जिससे साफ था कि उनकी हालत ठीक नहीं थी। परिजनों ने बताया कि उन्होंने भूरी यादव का इलाज लगातार कराया था। पहले स्थानीय अस्पताल में इलाज करवाया और फिर जिला अस्पताल में भी दिखाया, लेकिन लंबे समय तक इलाज के बाद भी उन्हें पेट दर्द से राहत नहीं मिली। इसी तकलीफ से परेशान होकर उन्होंने यह दुखद कदम उठाया।

परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय घर के सभी लोग एक पारिवारिक कार्यक्रम के सिलसिले में मैहर गए हुए थे। तभी भूरी यादव ने घर के पास एक पेड़ पर फांसी लगा ली। पास ही रहने वाले एक रिश्तेदार ने जब उन्हें फांसी पर लटका देखा, तो तुरंत परिवार और पुलिस को सूचना दी। यह खबर मिलते ही पूरा परिवार सदमे में आ गया है और उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनकी माँ ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और जांच जारी है। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि वह गांव के लोगों से भी जानकारी ले रहे हैं और इस मामले को गंभीरता से देखा जा रहा है।

## पुलिस ने 20 लीटर अवैध महुआ शराब सहित युवक को किया गिरफ्तार, स्कूटी भी जब्त

बिजुरी। बिजुरी पुलिस ने 17 मई को अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन करते हुए सुनील कूड़ाकू (18 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी की प्लेजर स्कूटी की डिग्गी से 20 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब बरामद हुई।

पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत शराब और स्कूटी कीमती लगभग 43 हजार रुपए की जब्ती की है। मामले में अपराध क्रमांक 155/25 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।इस कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, आर वसंत कोल, आर विश्वजीत मिश्र और आर करमजीत सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## सीएम हेल्पलाइन तथा समाधान आनलाइन के चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा



शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। आपने कहा कि सभी अधिकारी राज्य स्तरीय ग्रेडिंग होने से पूर्व शिकायतों का निराकरण करें, जिससे वे ए-ग्रेड तक पहुंच सकें। सीईओ जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संबल योजना में पंजीयन संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। आपने आगामी समाधान ऑनलाइन हेतु राज्य स्तर से चयनित विभागों तथा उन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए दो दिवस के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, ज्योति परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयक अनिश्चितकाल के लिए नही रोकना चाहिए

**विजय मत, शहडोल**

पंडित शम्भूनाथशुक्ला विश्वविद्यालय में 17 मई 2025 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 एवं 201 पर परिचर्चा का आयोजन कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर के निर्देशन में विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग मे आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर गीता सराफ विभागाध्यक्ष विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अपने उद्बोधन में कहां की अनुच्छेद 200 और 201 के प्रावधानों को लेकर न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के बीच विवाद संवैधानिक ना होकर राजनीतिक ज्यादा है यदि राजनीतिक पार्टियां देशहित सर्वोपरि रखें तो ऐसे संवैधानिक विवाद पैदा ही नहीं होंगे, वही एलएल.एम. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा दिव्या ने कहा की अनिश्चितकाल के लिए किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते यह सहकारी परिसंघवाद की मूल भावना के खिलाफ है, एलएल.एम. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र दीपक कुमार तिवारी ने शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत को समझाया और कहा कि न्यायपालिका ने विधायिका के अधिकार पर अतिक्रमण नहीं किया बस बताया कि राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयक को अनिश्चितकाल के लिए नही रोकना चाहिए न्यायालय ने जो समय सीमा निर्धारित की है वह उचित है वही एलएल.एम. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा की कोई भी राज्य हो बस तमिलनाडु की बात नहीं है राज्यपाल को विधेयक पर निर्णय समय पर लेना चाहिए इससे विकास कार्य रुकता है, कार्यक्रम का संचालन दया शंकर तिवारी द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा जानकारी दी गयी की इसी मामले मे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आर्टिकल 143 (1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से 14 सवाल किए और राय मांगी है, इस संवैधानिक एवं राजनीतिक विवाद को सुलझाने का राष्ट्रापति ने जो कदम उठाया है वह मील का पत्थर साबित होगा !आभार अम्बिकेश नामदेव द्वारा किया गया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

# नौतपा से पहले ही झुलसाने लगी गर्मी, हाल बेहाल

## बादलों की आवाजाही और उमस ने बढ़ाया तापमान, चिकित्सकों ने दी लू से बचाव की सलाह



**विजय मत, शहडोल**

मई माह में सूर्य की किरणें तीखी चुभन देने लगी हैं। अप्रैल के अंत और मई की शुरुआत में रुक-रुककर हुई बारिश के बावजूद मौसम में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। खास बात यह है कि नौतपा की शुरुआत से पहले ही नौतपा जैसे हालात बन गए हैं। मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है, लेकिन राहत की बजाय यह बदलाव बेचैनी और तपिश लेकर आया है।

**काले बादलों की मौजूदगी और फिर उमस भरी गर्मी** –शहर व आस-पास के क्षेत्रों में सुबह-सुबह आसमान में काले बादलों का डेरा नजर आता है। कभी-कभी हल्की बूंदाबांदी भी होती है, लेकिन इसके तुरंत बाद तेज धूप और उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। बादलों की आवाजाही और नमी के कारण वातावरण में उमस बढ़ गई है, जिससे तापमान की अनुभूति और अधिक तीव्र होती है।

**तापमान 35, लेकिन महसूस हुआ 40 डिग्री** –

शनिवार को अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, लेकिन लोगों को यह तापमान 40 डिग्री से अधिक का महसूस हुआ। उमस और धूप के मेल से गर्मी की तीव्रता बढ़ गई है। दोपहर के समय सड़कों पर चहल-पहल कम नजर आई और लोग घरों में ही रहने को मजबूर हो गए।

**नौतपा करेगा और परेशान** –मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी और तेज होगी। 25 मई से शुरू होने वाले नौतपा के दौरान तापमान में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस बार नौतपा अधिक तीव्र और झुलसाने वाला हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी हवाओं के साथ आने वाली गर्म लहरें (लू) भी सक्रिय हो सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होगा।

**चिकित्सकों की चेतावनी- लू से बचें, सावधान रहें**

स्थानीय चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार, ऐसे मौसम में धूप में अधिक समय तक न रहें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा भरपूर मात्रा में पानी व पेय पदार्थों का सेवन करें। बच्चों, वृद्धों और बीमार लोगों को विशेष रूप से सावधानी बरतने की आवश्यकता है। लू के लक्षणों में चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक पसीना और शरीर में कमजोरी शामिल हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देना जरूरी है।

**कार्यवाही** बच्चों के डॉक्टर के साथ अमानवीय ढ़ग से की गई मारपीट के बाद पुलिस अधीक्षक ने लिया एक्शन

# छः पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज, जांच शुरू

**विजय मत, शहडोल**

पुलिसकर्मियों के खिलाफ आखिरकार घटना के तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज कर ली गयी । दर्ज एफ़आईआर के मुताबिक़ इस वारदात में शामिल पुलिसकर्मी एएसआई शुभवंत चतुर्वेदी ,सिद्धार्थ रायकवार ,हरेन्द्र सिंह तथा पवन सिंह परिहार व दो अन्य समेत कुल छः पुलिसकर्मियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 127 (1) तथा 3(5) के तहत सोहागपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है । उक्त आरोपी सभी पुलिसकर्मी इसी थाना में पदस्थ हैं । यह मामला जिला चिकित्सालय में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्णेंदु धर द्विवेदी की पत्नी रत्नमाला मिश्रा की शिकायत पर दर्ज किया गया है । इससे पहले पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मामले की जांच अतरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपते हुए तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही गयी थी । घायल चिकित्सक के शरीर में आई गंभीर चोटों व उनकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आने के बाद चिकित्सक संघ के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है ।शासकीय जिला चिकित्सालय में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर कृष्णेंद्र द्विवेदी के साथ सोहागपुर थाना के पुलिस कर्मियों ने इस बेरहमी के साथ पिटाई की गयी थी कि उनकी रीढ़ की हड्डी दो जगह से टूट गयी है । जांच के बाद रविवार को जब उनकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आई तब इस बात की पुष्टि हुई थी । वहीँ एक सरकारी चिकित्सक के साथ गुंडे मवालियों के तरह व्यवहार करने वाले सोहागपुर थाना के दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने को लेकर जिले समेत प्रदेश भर के चिकित्सकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था ।




### लाकप के अंदर भी की गई मारपीट

विदित हो कि बीते 16 मई की दरमियानी रात्रि शासकीय जिला चिकित्सालय में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर कृष्णेंद्र धर द्विवेदी के साथ सोहागपुर थाना में पदस्थ एएसआई सुखवंत चतुर्वेदी ,प्रधान आरक्षक हरेन्द्र सिंह द्वारा पहले उनके घर होमगार्ड ग्राउंड के पास जमकर मारपीट की गयी थी । इसके बाद डाक्टर को पुलिस वाहन में जबरन बैठाकर सोहागपुर थाना ले जाया गया था ,जहा एएसआई सुखवंत चतुर्वेदी ,प्रधान आरक्षक हरेन्द्र सिंह समेत उक्त आधा दर्जन पुलिस कर्मियों ने डाक्टर श्री द्विवेदी को लाकप में बंद करके डंडे एवं लात घूंसों से जमकर पिटाई कर उन्हें अधमरा कर दिया था ।पुलिस की पिटाई के कारण उनके रीढ़ की हड्डी दो जगह से टूट गयी है । साथ ही बैक में मशल्स में भी काफी गहरी चोट है । घटना की अगली सुबह 17 मई से ही डाक्टर द्विवेदी मेडिकल कालेज में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ चिकित्सकों द्वारा नगर में रैली निकालकर घटना की निंदा करते हुए निष्पक्ष एवं दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

### मजिस्ट्रियल जांच की मांग

चिकित्सकों के आक्रोश एवं घायल डाक्टर की जांच रिपोर्ट में रीढ़ की हड्डी टूटने की मेडिकल रिपोर्ट सामने आने के बाद चिकित्सक संघ का आक्रोश और बढ़ता जा रहा था । जिसके बाद सोमवार को दोपहर तीन बजे के बाद आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया । हालाकि एफआईआर दर्ज होने से पहले ही चिकित्सक संघ द्वारा पुलिस की जांच के प्रति असंतोष जताया जा रहा था । चिकित्सक संघ इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच की मांग कर रहा था ।

## राजेन्द्रग्राम में दो ऑटो की टक्कर, 9 घायल

अनूपपुर। थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्र के मझगवाँ अचलपुर के पास करोंदी रोड पर दो सवारी ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। डायल-112/100 की टीम ने घायल लोगों को तुरंत राजेन्द्रग्राम अस्पताल पहुंचाया। घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी ।



## अतिथि शिक्षकों की जानकारी अद्यतन की समय-सारणी जारी

■ समय सारणी के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश

**विजय मत, भोपाल**

स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक पोर्टल (जीएफएमएस) पर आवेदकों को नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यताओं की प्रविष्टि और संशोधन के निर्देश दिए थे। इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय-सारणी जारी की है। अतिथि शिक्षक एजुकेशन पोर्टल 3.0 के अंतर्गत जीएफएमएस पर नियत समय अवधि पर कार्यवाही करेंगे। अतिथि शिक्षक आवेदकों द्वारा अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता और मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित दस्तावेज 23 मई तक अपलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही 23 मई तक ही आवेदक की जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर ई-केवाईसी अनलॉक कर अपडेट कर सकेंगे। आवेदकों के पंजीयन में दर्ज जानकारी कर संकुल प्राचार्य द्वारा सत्यापन का कार्य 24 मई को किया जाएगा। पूर्व में पंजीकृत आवेदन में दर्ज मोबाईल नम्बर बंद हो जाने की स्थिति में मोबाईल नम्बर परिवर्तित करने का कार्य बीईओ और डीईओ के माध्यम से 23 मई को ही किया जाएगा। अतिथि शिक्षकों के संबंध में सामान्य निर्देश भी दिये गये है। जिन आवेदकों द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 एवं उसके उपरांत उत्तीर्ण की है। ऐसे आवेदकों द्वारा दिव्यांग केटैगिरी का चयन (विकल्प) को दर्ज किया गया है। उनके जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्थायी प्रमाण-पत्र जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आवेदक म.प्र. के किसी भी जिले के संकुल में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही करा सकेंगे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
(*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com


विरासत से विकास
300वीं जन्म जयंती पर
लोकमाता अहिल्याबाई होलकर
को कृतज्ञतापूर्ण नमन
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
लोकमाता अहिल्याबाई
के मूल्यों एवं आदर्शों को समर्पित
राजवाड़ा, इंदौर में
मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद बैठक
का आयोजन
विकसित मध्यप्रदेश @2047
विज़न डॉक्यूमेंट पर मंथन
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
20 मई, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे
D-11027/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025